11 जून, 2018

कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति: छह पक्षों (उत्तर कोरिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण कोरिया, चीन, रूस और जापान) की प्रतिक्रिया - किसने क्या कहा

20 मई - 10 जून, 2018

डॉ जोजिन वी जॉन द्वारा संकलित *

महत्वपूर्ण घटनाक्रम

- 10 जून, 2018 को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन शिखर सम्मेलन की बैठक से पहले ही 12 जून को सिंगापुर पहुंचे। किम जोंग-उन ने 10 जून, 2018 को सिंगापुर के प्रधान मंत्री ली सिएन लूंग से मुलाक़ात की।
- 7 जून, 2018 को, जापानी प्रधान मंत्री शिंजो अबे ने वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ एक शिखर सम्मेलन किया।
- 4 जून, 2018 को, उत्तर कोरिया और अमेरिका ने 12 जून को अपने शिखर सम्मेलन की तैयारी के लिए लगातार तीसरे दिन सीमावर्ती युद्धविराम गाँव पनमुनजोम में कार्य-स्तर की वार्ता का 5 वां दौर आयोजित किया।
- 2 जून, 2018 को उत्तर कोरिया के सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष किम योंग-चोल ने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाक़ात की। किम योंग-चोल ने पहले भी अमेरिकी राज्य सचिव माइक पोम्पियो से बातचीत की थी। किम योंग-चोल से मिलने के बाद, राष्ट्रपति ट्रम्प ने घोषणा की कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन के साथ 12 जून को शिखर सम्मेलन होगी।

- 1 जून, 2018 को, दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच पनमुनजोम युद्धविराम गाँव में एक उच्च स्तरीय वार्ता आयोजित की गई थी।
- 31 मई, 2018 को, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन से प्योंगयांग में मुलाक़ात की।
- 26 मई, 2018 को, उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया ने पनमुनजोम के उत्तरी छोर पर तोंगिलगक में दूसरा अंतर-कोरियाई शिखर सम्मेलन आयोजित किया।
- 25 मई, 2018 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन के साथ उनकी बैठक अब भी योजना के अनुसार 12 जून को हो सकती है।
- 25 मई, 2018 को, उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि वे संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ कभी भी बात करने के लिए तैयार है।
- 24 मई, 2018 को उत्तर कोरिया ने अपने एकमात्र ज्ञात परमाणु परीक्षण स्थल को नष्ट कर दिया।
- 24 मई, 2018 को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उसी दिन उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय से जारी किए गए बयान में प्रदर्शित "जबरदस्त गुस्से और खुली दुश्मनी" के आधार पर किम जोंग-उन के साथ अपने 12 जून के सिंगापुर शिखर सम्मेलन को रद्द करने की घोषणा की।
- 22 मई, 2018 को, दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति मून जे-इन ने वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाक़ात की।

देश	**टिप्पणियाँ**
उत्तर कोरिया	**केसीएनए** 10 जून, 2018[1] "किम जोंग उन, पार्टी के सम्मानित सुप्रीम लीडर, राज्य और डीपीआरके (जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य कोरिया) की सेना और संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प के बीच ऐतिहासिक पहली शिखर सम्मेलन और वार्ता 12 जून की सुबह को आयोजित होनी है।" "बदले हुए दौर की आवश्यकतानुसार, डीपीआरके-अमेरिका के नए संबंधों की स्थापना के मुद्दे, कोरियाई प्रायद्वीप पर एक स्थायी और टिकाऊ शांति-व्यवस्था के निर्माण के मुद्दे, कोरियाई विपरमाणुकरण के मुद्दे और आपसी विचार के अन्य मुद्दों पर व्यापक और गहन दृष्टिकोण को डीपीआरके-अमेरिका के शिखर सम्मेलन में आदान-प्रदान किया जाएगा, जो पूरे विश्व के अवधान और अपेक्षाओं के अधीन इतिहास में पहली बार आयोजित होगा।" **केसीएनए**

1 जून, 2018[2]

“ऐतिहासिक पनमुनजोम घोषणा को लागू करने के लिए शुक्रवार को पनमुनजोम के दक्षिण में स्थित “हाउस ऑफ़ पीस” में उत्तर-दक्षिण उच्च-स्तरीय वार्ता आयोजित की गई।”

“वार्ता में दोनों पक्षों ने पनमुनजोम घोषणा को लागू करने के लिए सिद्धांतवादी दृष्टिकोण की पुष्टि की, व्यावहारिक उपायों को अपनाने के लिए ईमानदारी से चर्चा की और एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस किया।”

“संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कहा गया है कि कासोंग औद्योगिक क्षेत्र में एक उत्तर-दक्षिण संयुक्त संपर्क कार्यालय स्थापित किया जाएगा, और 15 जून की संयुक्त घोषणा के प्रकाशन की 18 वीं वर्षगांठ को महत्वपूर्ण ढंग से मनाने का तरीका ढूँढा जाएगा और दस्तावेजों का आदान-प्रदान कर उस पर चर्चा की जाएगी।”

किम जोंग उन

31 मई, 2018[3]

31 मई, 2018 को उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ प्योंगयांग में मुलाक़ात की। केसीएनए के अनुसार,

“किम जोंग उन ने कहा कि कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण के लिए डीपीआरके की इच्छा अब भी अपरिवर्तित और सुसंगत और स्थिर बनी हुई है और उन्होंने आशा व्यक्त की कि डीपीआरके-अमेरिका के संबंधों और कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण के मुद्दों को एक नए युग में एक नई पद्धति के माध्यम से और एक नई परिस्थिति के अधीन एक दूसरे के हितों को पूरा करने के लिए एक समाधान ढूंढ कर चरण-दर-चरण आधार पर हल किया जाएगा और मुद्दों का समाधान प्रभावी एवं तर्कसाध्य संवाद तथा समझौते के ज़रिए आगे बढ़ेगा।”

“बातचीत में उच्च स्तरीय दौरों को सबल बनाने, विभिन्न क्षेत्रों में विनिमय और सहयोग को सक्रिय बनाने और विशेष रूप से, द्विपक्षीय राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70 वीं वर्षगांठ को चिन्हित करते हुए इस वर्ष डीपीआरके के शीर्ष नेताओं और रूस के बीच बैठक को सार्थक बनाने पर सहमति ज़ाहिर की गई थी ताकि दोनों पक्षों के हितों में और एक नए युग की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए दोनों देशों के बीच सामरिक और पारंपरिक संबंधों को विकसित करना जारी रखा जाए।”

31 मई, 2018[4]

	"कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति दोनों [उत्तर और दक्षिण कोरिया] देशों के हितों की आवश्यकताओं के अनुसार बदल रही है। मैं इस तथ्य को बहुत महत्व देता हूं कि पुतिन का प्रशासन अमेरिका के प्रभुत्व का कड़ाई से विरोध करता है।" "आप कड़ाई से विरोध करते हैं, और हम इस मुद्दे पर रूसी पक्ष के साथ बातचीत और विचारों का गहन आदान-प्रदान करने के लिए हमेशा तैयार हैं।" "मुझे लगता है कि आपके इस दौरे से पता चलता है कि रूसी नेता और राष्ट्रपति पुतिन हमारे संबंधों के आगे विकास और मजबूती पर कितना ध्यान देते हैं।" "आपकी यात्रा ऐसे समय में हुई है जब कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति तेजी से वार्ता और दोनों देशों के लोगों के हितों के अनुसार परामर्श की ओर बढ़ रही है।" **रोडोंग सिनमुन** 28 मई, 2018[5] "डीपीआरके (उत्तर कोरिया) अपने समय-सारिणी के अनुसार अपने तय मार्ग पर आगे बढ़ रहा है, फिर चाहे कोई व्यक्ति कुछ भी कहे और डब्लूपीके (वर्कर्स पार्टी ऑफ़ कोरिया) की सातवीं केंद्रीय समिति की तीसरी पूर्ण बैठक के निर्णय को लागू करने के लिए कहीं से भी हवा चले।" "उत्तरी परमाणु परीक्षण मैदान को ध्वस्त करने का पूर्ण क्रम परमाणु परीक्षण पर सम्पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की आकांक्षा और प्रयासों के साथ जुड़ने के लिए अर्थपूर्ण ढंग से डीपीआरके सरकार की अडिग शांतिप्रिय रुख को साबित करता है।" "विपरमाणुकरण , शांतिमय दुनिया, एक नई स्वतंत्र दुनिया जहां मानव जाति का सपना और आदर्श सच हो गया है, ऐसी दुनिया बनाने के लिए विश्व शांति प्रेमी लोगों के साथ हाथ मिलाने की डीपीआरके की अटल इच्छा भविष्य में अपरिवर्तित रहेगी।" **केसीएनए** 27 मई, 2018[6] "ये एक बकवास है कि अगर डीपीआरके अमेरीका की आवश्यकताओं को पूरा करता है, तो वह 'बड़े पैमाने पर गैरहै। सकता कर प्राप्त सहायता आर्थिक सरकारी-'" "यह सत्ता के पेरोल पर हैक मीडिया की बकवास है।" "अमेरिका की मीडिया अब भी जनमत का निर्माण कर रहा है कि डीपीआरके 'आर्थिक सहायता'

	पाने की उम्मीद से अमेरिका के साथ बातचीत करने के लिए तैयार है।" "हम तथ्य को और स्पष्ट नहीं कर सकते कि अमेरिका ने ही सबसे पहले डीपीआरके-अमेरिका की वार्ता की बात छेड़ी थी।" "जहाँ तक 'आर्थिक सहायता' की बात है, डीपीआरके ने कभी इसकी अपेक्षा नहीं की।" **केसीएनए** 26 मई, 2018[7] 26 मई, 2018 को, दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति मून जे-इन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन ने पनमुनजोम युद्धविराम गांव के उत्तर में अपना दूसरा शिखर सम्मेलन संचालित किया। "किम जोंग उन और मून जे इन ने इस विचार को साझा किया कि दोनों पक्षों को एक-दूसरे पर भरोसा करना चाहिए और एक-दूसरे का ध्यान रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त प्रयासों को तेज करना चाहिए कि सभी कोरियाई लोगों की सर्वसम्मत इच्छा को दर्शाता पनमुनजोम घोषणा को जल्द ही लागू किया जाए।" "वे आने वाले 1 जून की तारीख को उत्तर-दक्षिण उच्च-स्तरीय वार्ता आयोजित करने और सैन्य अधिकारियों और रेड क्रॉस सहित विभिन्न क्षेत्रों की वार्ता को तेज करने पर सहमत हुए।" "कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण के लिए संयुक्त प्रयास करने के प्रति अपना रुख व्यक्त करते हुए, उन्होंने यह राय साझा की कि वे भविष्य में संवाद को तेज करने और ज्ञान और प्रयासों को संग्रह करने के लिए अक्सर मुलाक़ात करेंगे।" "किम जोंग-उन ने 12 जून को आयोजित होने वाली डीपीआरके-अमेरिका के शिखर सम्मेलन को सार्थक बनाने में काफी प्रयास करने के लिए मून जे इन को धन्यवाद दिया और ऐतिहासिक डीपीआरके-अमेरिका शिखर सम्मेलन पर अपनी अडिग इच्छा व्यक्त की।" "किम जोंग-उन ने मून जे-इन को डीपीआरके-अमेरिका के संबंधों को सुधारने और स्थायी और टिकाऊ शांति के लिए एक तंत्र स्थापित करने के लिए सकारात्मक सहयोग करने के लिए कहा।" "वे वार्ता में चर्चित मामलों पर एक संतोषजनक सहमति पर पहुंचे।" **केसीएनए** 25 मई, 2018[8]

	"परमाणु परीक्षण भूमि को ध्वस्त करना, डीपीआरके की सरकार की परमाणु परीक्षण पर सम्पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए और एक विपरमाणुकृत दुनिया का निर्माण करने में एक सकारात्मक योगदान देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय आकांक्षाओं और प्रयासों के साथ जुड़ने की एक शांति प्रिय रुख की एक स्पष्ट अभिव्यक्ति है।" **किम काई ग्वान - पहले उप विदेश मंत्री** 25 मई, 2018[9] "संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने डीपीआरके-अमेरिका शिखर सम्मेलन को रद्द करने के लिए 24 मई को अपना आधिकारिक रुख सार्वजनिक किया, जो पहले ही एक सिद्ध तथ्य बन चुका था।" "आज की शर्मनाक स्थिति डीपीआरके-अमेरिका की शत्रुतापूर्ण संबंधों के वर्तमान स्थिति की गंभीरता को दर्शाती है, जो सदियों से चली आ रही हैं और संबंधों को सुधारने के लिए शिखर सम्मेलन आयोजित करने की तात्कालिक आवश्यकता को स्पष्ट दर्शाती है।" "जहां तक ऐतिहासिक डीपीआरके-अमेरिका शिखर सम्मेलन की बात है, हमने एक बड़ा निर्णय लेने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प की अंतर्मन से बेहद प्रशंसा की है, जो करने के बारे अमेरिका के किसी अन्य राष्ट्रपति ने कभी सोचा भी नहीं, और शिखर सम्मेलन का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम रखवाने का प्रयास किया।" "इसके कारणों का अनुमान लगाना कठिन है। ऐसा हो सकता है कि उनके मन में शिखर सम्मेलन करने की इच्छा ना हो या उनमें आत्मविश्वास ना हो। लेकिन अपने पक्ष से, हमने ईमानदारी से प्रयास किया है, ये आशा लगाकर बैठे थे कि ऐतिहासिक डीपीआरके-अमेरिका शिखर सम्मेलन और संवाद, इस क्षेत्र और विश्व में शांति और सुरक्षा के लिए और द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने की दिशा में संवाद के माध्यम से मुद्दों को सुलझाने के लिए आगे बढ़ाया गया पहला कदम के रूप में अपने-आप में ही एक अर्थपूर्ण वार्ता बिंदु को चिन्हित करेगी।" "हमने मन में ये आशा की थी कि जिसे "ट्रम्प फ़ॉर्मूला" कहते है, वो दोनों पक्षों को अपनी-अपनी चिताएं दूर करने और हमारे पक्षों की आवश्यकताओं का अनुपालन करने में मदद करेगा और मुद्दों को सुलझाने के लिए काफी कारगर एवं अच्छा रास्ता साबित होगा।" "हम कोरियाई प्रायद्वीप और मानव जाति की शांति और स्थिरता के लिए सब कुछ करने के अपने लक्ष्य और आशय में अपरिवर्तित रहे हैं और हम, जो हर समय खुला विचार और खुला दृष्टिकोण रखते हैं, हम अमेरिका पक्ष को समय और अवसर प्रदान करने की इच्छा रखते हैं।"

	"पहली बैठक से सभी मुद्दे हल नहीं हो जाएंगे, परन्तु एक चरणबद्ध तरीके से एक बार में एक मुद्दा हल करने से संबंध सुधरेंगे और ना की और भी बिगड़ेंगे। अमेरिका को इस पर विचार करना चाहिए।" "हम अमेरिका पक्ष को एक बार फिर ये बताना चाहेंगे कि हम किसी भी समय किसी भी तरीके से अमेरिका के साथ बैठकर समस्याओं को सुलझाने के इच्छुक हैं।" **केसीएनए** 24 मई, 2018[10] "डीपीआरके के परमाणु हथियार संस्थान ने 24 मई को डीपीआरके के उत्तरी परमाणु परीक्षण मैदान को पूरी तरह से ध्वस्त करने के लिए एक समारोह आयोजित किया।" **चोय सोन-हुई - उप विदेश मंत्री** 24 मई, 2018[11] "21 मई को फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में, अमेरिकी उप-राष्ट्रपति पेंस ने एक बेधड़क और शर्मनाक टिप्पणी की कि उत्तर कोरिया का हाल लीबिया की तरह हो सकता है, उत्तर कोरिया के लिए सैन्य विकल्प के मुद्दे पर विचार-विमर्श जारी है, अमेरिकी को पूर्ण, सत्यापनीय और अपरिवर्तनीय आदि तरह से विपरमाणुकरण की आवश्यकता है।" "व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोल्टन द्वारा बेधड़क टिप्पणी करने के तुरंत बाद, उप-राष्ट्रपति पेंस ने फिर से बकवास किया है कि डीपीआरके लीबिया के नक्शेकदम पर चलेगा। हालांकि, यह रेखांकित किया जाना चाहिए है कि लीबिया के नक्शेकदम पर नहीं चलने के लिए, हमने अपनी शक्तिशाली और विश्वसनीय ताकत बनाने के लिए एक भारी कीमत चुकाई है जो खुद का बचाव कर सकता और कोरियाई प्रायद्वीप और क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को कायम रख सकता है।" "अमेरिका ने ही बातचीत करने के लिए कहा है, लेकिन अब यह जनमत को भ्रमित कर रहा है, जैसे कि हमने उन्हें बैठकर मुद्दों को सुलझाने का निमंत्रण दिया था। मैं सोचता हूँ कि ये कदम उठाने के पीछे उसका मकसद आखिर क्या है और अमेरिका ने इससे क्या हासिल करना चाहा था।" "हम अमेरिका हमारे साथ नहीं बैठना चाहता, तो हम उससे न तो बातचीत करने के लिए भीख मांगेंगे और न ही उसे मनाने की परेशानी उठाएंगे।"

	“क्या अमेरिका मीटिंग रूम में हमसे मुलाक़ात करेगा या परमाणु युद्ध में हमारा सामना करेगा, ये संयुक्त राज्य अमेरिका के निर्णय और व्यवहार पर पूर्णतया निर्भर करता है।” “यदि अमेरिका हमारी सद्भावना का अपमान करता है और गैरकानूनी और उपद्रवी करतूतें करता है, तो मैं हमारे सुप्रीम लीडर को डीपीआरके-अमेरिका के शिखर सम्मेलन पर पुनः विचार करने का सुझाव दूंगा।” **केसीएनए** 21 मई, 2018[12] “सभी देशों और राष्ट्रों को अपनी शक्तियों को बढ़ाना और मजबूत बनाना चाहिए और स्वतंत्र विकास और समृद्धि प्राप्त करने के लिए इसका सहारा लेकर हर मुद्दे को सुलझाना चाहिए।” “दूसरों पर निर्भर करना एक बहुत खतरनाक जीवाणु है जो एक राष्ट्र को कमजोर और दुर्बल बनाता है और एक देश को बर्बाद कर देता है। अब जब साम्राज्यवादी दूसरे देशों और राष्ट्रों और दुनिया पर हावी होने के लिए चाल चलने के लिए बेसब्र हो रहे हैं, अगर कोई व्यक्ति अपनी ताकत पर निर्भर करने के बजाय, बाहरी लोगों पर निर्भर करता है और उनसे लाभ प्राप्त करने की कोशिश करता है, तो ये खुद के पाँव पर कुल्हाड़ी मारने जैसा काम होगा।” “हालांकि किसी को साम्राज्यवादी और कट्टरपंथी ताकतों द्वारा सामाजिक-आर्थिक कठिनाइयों और कठोर दबाव का सामना करना पड़ता है, तो उसे चाहिए कि वो अपनी ताकतों पर भरोसा करते हुए आगे बढ़े।” “हमारी क्रांति साहसपूर्वक किसी भी कठिनाइयों का सामना करेगी और अधिक तेज़ी से आगे बढ़ेगी क्योंकि पार्टी के नेता विज्ञान और शिक्षा को सबसे अधिक महत्व देते हैं और उनके विकास के लिए सकारात्मक उपाय करते हैं।”
अमेरिका	**डोनाल्ड ट्रम्प - राष्ट्रपति** 10 जून, 2018[13] “मैं सिंगापुर जा रहा हूँ, जहाँ हमें उत्तर कोरिया और विश्व के लिए वास्तव में एक अद्भुत परिणाम मिलने का मौका मिल सकता है। ये निश्चित तौर पर एक बेहद रोमांचक दिन रहेगा और मुझे मालूम है कि किम जोंग उन कड़ी मेहनत करेंगे कुछ ऐसा करने के लिए जो पहले कभी नहीं किया गया.......अपनी भूमि के लिए शांति और विशाल समृद्धि बनाना। मैं उनसे मिलने को तत्पर हूँ और मुझे ऐसा लगता है कि ये एक-बार का अवसर बर्बाद नहीं जाएगा।”

	9 जून, 2018[14] “मैं सिंगापुर के लिए रवाना होऊंगा। मैं शांति के एक मिशन पर जा रहा हूँ, और हम वास्तव में, अपने ह्रदय में, हम अपने साथ दुनिया भर के करोड़ों लोगों का दिल लेकर जा रहे हैं। हमें विपरमाणुकरण हासिल करना है। हमें कुछ को शुरू करना ही है। वास्तव में हमारा मानना है कि कुछ ही समय में उत्तर कोरिया एक अद्‌भुत स्थान बन जाएगा। और हम जो भी चल रहा है, उसकी सराहना करते हैं। हम उत्तर कोरिया के साथ मिलकर काम करने की सराहना करते हैं। वे वास्तव में हमारे साथ मिलकर बहुत अच्छे से काम कर रहे हैं।” “मैं कह सकता हूँ कि दक्षिण कोरिया, जापान, चीन, और कई अन्य देश ऐसा होते हुए देखना चाहते हैं। और वे मदद करेंगे। वे सभी मदद करेंगे। तो इसलिए एक बेहद अच्छा – वास्तव में – एक बेहद अच्छा समय है। ऐसा पिछले इन कई वर्षों में कभी नहीं हुआ जब वे एक बहुत ही कृत्रिम सीमा रेखा के ज़रिए एक-दूसरे से अलग थे। ये शांति, चिरस्थायी शांति, और समृद्धि बनाने का एक बेहद उत्तम अवसर है।” “इसलिए हम बेहद सकारात्मक उत्साह के साथ जा रहे हैं। मुझे लगता है कि बहुत अच्छी तरह से तैयार होकर जा रहे हैं। मुझे लगता है – और वैसे भी, हमने उनके लोगों के साथ मिलकर बहुत अच्छी तरह काम किया है। वर्तमान संघाई में उनके कई लोग मौजूद हैं; हमारे लोग सिंगापुर में हैं। हमारे लोग उत्तर कोरिया के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर बहुत..बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। “मुझे लगता है कि कम से कम संबंध होना चाहिए। आप कम से कम बातचीत तो शुतु करेंगे। क्योंकि, आप जानते हैं, एक सौदेबाज व्यक्ति होने के नाते, मैं सौदा करने के मामले में बहुत अच्छा रहा हूँ। आप जो करना चाहते हैं, उसे शुरू करें। अब, मैं उससे भी ज्यादा हासिल करना चाहूँगा। लेकिन कम से कम, मेरा मानना है कि कम से कम हमने एक-दूसरे के साथ मुलाक़ात तो की होगी। हमने एक-दूसरे को देखा तो होगा। आशा है कि हमने एक-दूसरे को पसंद किया होगा और प्रक्रिया शुरू करेंगे।” “तो मैं कहूँगा कि कम से कम ये होना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा कहा जाए तो, मुझे लगता है कि आपको इसका जवाब मालूम होगा। लेकिन मुझे लगता है कि हमें थोडा समय लगेगा।” “ये पता लगाने में कितना समय लगेगा कि वे इसे लेकर गंभीर हैं या नहीं? मैं कहता हूँ कि शायद पहले मिनट में ही पता चल जाएगा। आपको मालूम है – ऐसा कहा जाता है कि मुलाक़ात के पांच सेकंड में ही आपको पता चल जाता है कि आपको कोई पसंद आएगा या नहीं। क्या आपने कभी ऐसा सुना है? तो फिर, तो मुझे लगता है कि मुझे जल्दी ही पता चल जाएगा कि

	कुछ अच्छा होने वाला है या नहीं।” “मुझे लगता है कि मुझे ये भी पता चल जाएगा कि ये तेजी से होगा या नहीं। शायद ये नहीं भी हो सकता है। लेकिन मुझे लगता है कि मुझे बहुत ही जल्द पता चल जाएगा कि, मेरी राय में, क्या कुछ अच्छा होगा या नहीं। और अगर मुझे लगता है कि ऐसा नहीं होगा, तो मैं समय बर्बाद नहीं करने वाला। मैं उनका समय बर्बाद नहीं करना चाहता।” “हम हर मुद्दा उठाने वाले हैं।” 7 जून, 2018[15] “क्योंकि मैंने अगले सप्ताह किम जोंग उन से मुलाक़ात करने की तैयार की है – और मैं ये तथ्य सामने लाना चाहता हूँ कि प्रधान मंत्री अबे, और, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून अत्यंत मददगार, सहयोगी थे और वे कुछ होते हुए देखना चाहेंगे। ये उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया के लिए बहुत अच्छा रहेगा। ये जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका और पूरी दुनिया के लिए बहुत अच्छा रहेगा। इस महत्वपूर्ण पल को नजदीक लाने में हमारी साझेदारी ने बहुमूल्य योगदान किया है, और हम आने वाले सप्ताह में करीबी से संवाद करते रहेंगे, जिसमें जापान के अपहरण हुए लोगों का मुद्दा शामिल होगा, जो मेरे संज्ञान में प्रधान मंत्री अबे के लिए निजी तौर पर बेहद महत्वपूर्ण है।” “मैं आशा करता हूँ कि सिंगापुर में होने वाली आगामी मुलाक़ात उत्तर कोरिया के लिए एक उज्जवल भविष्य की शुरुआत का प्रतिनिधित्व करेगा और निश्चित तौर पर पूरी दुनिया के लिए एक नया उज्जवल भविष्य लाएगा। कोरियाई प्रायद्वीप माँ विपरमाणुकरण सभी कोरियाई लोगों – उत्तर और दक्षिण कोरिया – और हर स्थान के लोगों के लिए समृद्धि, सुरक्षा और शांति का मार्गदर्शन करेगा।” “मैं सोचता हूँ – कि हम असाधारण सफलता पाने वाले हैं। मुझे नहीं लगता ऐसा एक ही मुलाक़ात में हो पाएगा। मुझे लगता है कि इसमें ज्यादा समय लगेगा। ये कई, कई दशकों से चलता आ रहा है।” “जहाँ तक प्रधान मंत्री (शिंजो अबे) की बात है, हम सहमत होंगे और हम सहमत हुए हैं कि अगर ये सौदा पक्का हो गया तो हम अवश्य मदद करेंगे, हम अवश्य ही उत्तर कोरिया की मदद करेंगे। हम चीन के साथ मिलकर काम करने वाले हैं। हम दक्षिण कोरिया के साथ मिलकर काम करने वाले हैं।” “चीन के राष्ट्रपति ज़ी खौफ़ में रहे हैं। सीमा निश्चित तौर पर पहले की तुलना में ज्यादा करीब

रही है। मैं चाहूँगा कि वे इसे थोड़ा और करीब ले आएं, लेकिन ये पहले की तुलना में सबसे ज्यादा करीब है। चीन ने इस तरह पहले कभी हमारे साथ काम नहीं किया। और, आप जानते हैं, मैं इसका काफी श्रेय चीन को देता हूँ, क्योंकि जैसा कि जानते हैं, व्यापार में असंतुलन को लेकर हमारे मध्य विवाद चल रहा है। चीन के पक्ष में ये एक बहुत बड़ा असंतुलन है। ऐसा कई दशकों से रहा है, और पूर्व राष्ट्रपतियों को ये मामला संभालना चाहिए था। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, इसलिए हम इस मामले को भी संभालेंगे।"

"लेकिन मैं राष्ट्रपति ज़ी को और राष्ट्रपति मून को इसका श्रेय देता हूँ। वो वाकई में कुछ होता हुआ देखना चाहेंगे। वो शुरुआत से ही युद्ध के खौफ़ में जी रहे थे, और इसका कोई मतलब नहीं बनता है। और मैं सही में ये मानता हूँ कि किम जोंग उन कुछ करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि वे उत्तर कोरिया के लोगों के लिए कुछ बहुत जबरदस्त होता हुआ देखना चाहते हैं।"

"हो सकता है कि हम किसी सहमति पर हस्ताक्षर करें। जैसा की आप जानते हैं, ये एक पहला कदम होगा। सहमति के बाद क्या होता है, वहीं एक बड़ी बात होगी।"

"हम ज़रूर ही सहमति पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। हम इस पर ध्यान दे रहे हैं। हम उनके साथ इस बारे में बातचीत कर रहे हैं। हम इसके बारे में काफी सारे अलग-अलग लोगों से बातचीत कर रहे हैं। लेकिन ऐसा हो सकता है। लेकिन ये सिर्फ एक शुरुआत है। सुनने में थोड़ा अजीब लगता है, लेकिन शायद यहीं सबसे सरल हिस्सा है; कठिन हिस्सा तो उसके बाद सामने आएगा।"

"संबंधों को सामान्य बनाना एक ऐसा काम है जो मैं करने की आशा करूंगा, मैं उम्मीद करूंगा, जब सब कुछ पूरा हो जाएगा। हम ज़रूर ही ऐसा करना चाहेंगे।"

"मुझे ज्ञात है कि प्रधान मंत्री अबे और राष्ट्रपति मून ने मुझे बहुत की दृढ़ता के साथ बताया है कि वे जाने वाले हैं और वे आर्थिक रूप से उनकी काफी सहायता भी करेंगे। जापान का इसमें विशाल हित शामिल है और उनका भी। वहीं दूसरे तरफ, हम बहुत दूर हैं। हम बहुत बहुत दूर हैं।"

"जापान सहायता करेगा, मेरा मानना है कि चीन भी आर्थिक रूप से सहायता करेगा। और मुझे लगता है कि चीन कुछ बहुत अच्छा होता हुआ देखना चाहता है, कुछ सकारात्मक होता हुआ देखना चाहता है। और निश्चित तौर पर, दक्षिण कोरिया ने भी अपना इरादा ज़ाहिर कर दिया है। वे बढ़ चढ़ कर मदद करेंगे।"

"इस तरह उत्तर कोरिया के लिए बहुत सारे अच्छे संकेत नज़र आ रहे हैं। ऐसे कई जबरदस्त कारक हैं जो इसे अपार क्षमता प्रदान करेगा। इसमें अपार क्षमता है क्योंकि इसके लोग महान हैं। और हम ज़रूर ही सामान्यीकरण देखना चाहेंगे, ज़रूर देखना चाहेंगे।"

"मैं पीछे मुड़ने के लिए बिलकुल तैयार हूँ। ऐसा हो सकता है। शायद इसकी ज़रूरत नहीं होगी। मैं आशा करता हूँ कि पीछे मुड़ने की ज़रूरत नहीं होगी क्योंकि मुझे वाकई में यकीन है कि किम जोंग उन कुछ ऐसा करना चाहता है उसके लोगों, उसके परिवार और उसके अपने लिए बहुत-बहुत अच्छा हो।"

7 जून, 2018[16]

"ये मात्र एक फोटो-ऑप नहीं होगा। ये वो न्यूनतम स्तर होगा, जिसके साथ हम शुरुआत करेंगे, शायद, एक अच्छा संबंध होगा। और समझौते को अंततः पक्का करने की दिशा में यहीं चीज सबसे ज्यादा महत्व रखती है।"

माइक पोम्पियो – अमेरिका के सचिव

7 जून, 2018[17]

"राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट रूप से कहा कि वे उत्तर कोरिया को सुरक्षा आश्वासन, अच्छे राजनैतिक संबंध जो वो चाहते हैं, देने करने के लिए तैयार हैं और उसके बदले में उत्तर कोरिया से कार्रवाई करने की मांग करते हैं, प्रायद्वीप का विपरमाणुकरण करने की कार्रवाई। इस कार्रवाई की सटीक रूपरेखा और सटीक समय पर अब भी सहमति हासिल करना बाकी है, लेकिन राष्ट्रपति कुछ बहुत बड़ा करना चाहते हैं, कुछ साहसिक काम करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि अध्यक्ष किम जोंग उन भी कुछ ऐसा ही करने को तैयार हैं। और उसके बाद हमारे साझेदारों – चीन, जापान, दक्षिण कोरिया के साथ हम सब इकट्ठे आगे बढ़ सकते हैं और उत्तर कोरिया और इसके क्षेत्र, और साफ-साफ कहूं तो उत्तर कोरिया और बाकि की दुनिया के बीच संबंधों में बुनियादी बदलाव ला सकते हैं।"

"मुझे पूरा भरोसा है कि चीन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वास्तव में, उसने आज तक भूमिका निभाई है। दबाव बनाने के अभियान में वो एक महत्वपूर्ण साझेदार रहा था, है ना? अध्यक्ष किम और उत्तर कोरियाई लोगों को ये विचार करने पर प्रोत्साहित करने में कि क्या वो बदलाव लाने के लिए तैयार हैं, उसने ऐसे-ऐसे कार्य किए थे, जो करने के लिए पहले कभी राजी नहीं हुआ था, सही है ना? उन्होंने सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक रूप से अपने परमाणु कार्यक्रम पर भरोसा किया है और हम जो करने के लिए कह रहे हैं, वो ये है कि इसके परिणामों को समझना, ये समझना कि वास्तव में परमाणु हथियार रखने की वजह से ही उत्तर कोरिया पर सबसे ज्यादा खतरा मंडराता है। और इसलिए इस बारे में अध्यक्ष किम और राष्ट्रपति ज़ी के बीच चर्चा में चीन पहले भी इसका हिस्सा रहा है।"

"तो हां, चीन की ज़रूर ही एक भूमिका रहेगी। पर फिर भी, पहला कदम, 12 जून को उठाया

	जाएगा, जहाँ राष्ट्रपति ट्रम्प और अध्यक्ष किम को मिलने का मौका मिलेगा और आशा है कि प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण की दिशा में एक सफल सफ़र की शुरुआत करेंगे।" "हम कई चीजें करने के लिए तैयार हैं, लेकिन आर्थिक प्रतिबंधों को तब तक नहीं उठाया जा सकता जब तक हमें यकीन नहीं हो जाता कि प्रायद्वीप को विपरमाणुकृत कर दिया गया है।" 7 मई, 2018[18] "राष्ट्रपति ट्रम्प ने साफ-साफ कहा है कि ऐसी संभावना नहीं है कि एक सभी मुद्दें एक ही मुलाक़ात में हल हो जाएंगे। उन्होंने इस बारे में हमेशा कहा है। और वास्तव में, काफी सारे काम पहले ही हो चुके हैं, हमारे टीम ने पहले ही कितनी सारी तैयारियां पूरी कर ली है और राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी कितनी तैयारियां की हैं। वे अध्यक्ष किम जोंग उन से मिलने और इस अविश्वसनीय ऐतिहासिक अवसर के बारे में बात करने के लिए तैयार हैं, उत्तर कोरिया और पूरी दुनिया – महत्वपूर्ण रूप से उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच, किन्तु बुनियादी तौर पर उत्तर कोरिया और विश्व के बीच के संबंध को सच में, बुनियादी तौर पर बदलने और ये सुरक्षा आश्वासन देने के लिए तैयार हैं जो उन्हें ज़रूरत है ताकि वे इस बात को सहजता से स्वीकार सकें कि वे विपरमाणुकरण करना चाहते हैं।" "जब आप पूर्ण रूप से विपरमाणुकरण करने के बारे में सोचते हैं, तो निश्चित तौर पर इसका मतलब है कि उनके सभी स्थान, और ना केवल वहीं स्थान जिनकी घोषणा की गई है, है ना? तो हमें ये सुनिश्चित करना है कि ये विपरमाणुकरण पूरी तरह से हो। इसके लिए बहुत काम करने की ज़रूरत है, उत्तर कोरिया की तरफ से भी एक बड़ी कटिबद्धता करने की ज़रूरत है, और इसके बदले उतना ही जबरदस्त सुरक्षा आश्वासन मिलेगा जो उतना ही बड़ा और जबरदस्त और अलग होगा।" "ये शिखर सम्मेलन अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच होनी है, लेकिन समस्या का अंतिम निवारण करने के लिए कई सारे इच्छुक साझेदारों की आवश्यकता होगी। निश्चित तौर पर, उत्तर कोरिया को ही निर्णय लेना होगा, और अमेरिका और चीन भी निर्णय लेगा। उत्तर कोरिया ने पहले ही कई निर्णय लिए हैं, और इसे आगे भी कई सारे निर्णय लेने होंगे। यहाँ अंतिम निवारण के लिए जापान भी मुख्य भूमिका में होगा, क्योंकि अगर आपको याद है कि हम अंततः क्या चाहते हैं, तो हम एक सुरक्षित, निरापद और संपन्न उत्तर कोरिया चाहते हैं। ऐसा केवल तभी होगा जब इसके पड़ोसी देश, इसके क्षेत्रों के लोग उत्तर कोरिया को सुरक्षित, निरापद और संपन्न बनाने के लिए ऐसे काम करने के लिए तैयार हों, जो सिर्फ और सिर्फ वहीं करने की क्षमता रखते हैं।"

	"हमारे यहीं अपेक्षा रहेगी कि क्षेत्र के देश सिर्फ इसी के लिए आरंभिक वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे; लेकिन समय के साथ-साथ, हम आशा करेंगे कि क्षेत्र के अन्य देशों की तरह ही ये देश भी किसी बाहरी देश की सहायता के बिना बिलकुल वहीं हासिल कर सके, जो अभी-अभी मैंने बताया है – एक जुड़ा हुआ, सुरक्षित, निरापद उत्तर कोरिया। ये देश के खुलने का समय होगा, ये उनके जुड़ने का समय होगा, ये अपने बलबूते पर समृद्धि हासिल करने की उनकी क्षमता होगी। उत्तर कोरिया के लोग उद्यमी लोग हैं, और वे काफी सक्षम भी हैं, और इसलिए हम आशा करते हैं कि – जबकि उन्हें इस दिशा में आगे बढ़ने में मदद करने के लिए प्राथमिक रूप से संसाधनों की आवश्यकता होगी, लेकिन हमें उत्तर कोरिया के लोगों पर पूरा भरोसा है कि वे कुछ ही समय के भीतर अपने बलबूते पर इसे हासिल कर लेंगे।" 7 जून, 2018[19] "शिखर सम्मेलन को लेकर हमारा उद्देश्य बिलकुल स्पष्ट है। हम अपने दोनों देशों के बीच बुनियादी तौर पर अलग सामरिक संबंध चाहते हैं। हम – हमारा मानना है कि उत्तर कोरिया का सम्पूर्ण विपरमाणुकरण आवश्यक (सुनाई नहीं दिया) है।" "इसके बदले में, हम ऐसी चीजें करने के लिए तैयार हैं, जो उन्हें सुरक्षा का आश्वासन और घनिष्ठ सामरिक संबंध देगा जो वे चाहते हैं। हम आशा करते हैं कि शिखर सम्मेलन के दौरान हमसे जितना बन पड़ेगा उतनी प्रगति करेंगे, और हमारा मानना है कि दो नेताओं का एक साथ बैठना विश्व को एक बहुत बड़ा अवसर प्रदान करता है।" "अध्यक्ष को एक बड़ा राजनैतिक निर्णय लेना होगा। उन्होंने ऐतिहासिक रूप से ये माना था कि उनका परमाणु कार्यक्रम उनके देश के लिए सुरक्षा प्रदान करता है, और इस विचार को बदल कर ये मनवाने के लिए कि संयुक्त राज्य अमेरिका और विश्व के साथ अच्छे संबंध होने से सुरक्षा आएगी, एक बड़ा बदलाव है। हमें आशा है कि वे इस चीज को उसी दृष्टि से देखेंगे जैसा कि हमारे राष्ट्रपति देखते हैं। हमारे राष्ट्रपति दृढ़ता सहित ये सुनिश्चित करने के लिए तैयार हैं कि अध्यक्ष किम और उत्तर कोरिया के लोग (सुनाई नहीं दिया) में रहेंगे और उसी सुरक्षा के आश्वासन के साथ रहेंगे जिसकी मांग उन्होंने की है।" "उत्तर कोरिया को अपने लिए आवश्यक सुरक्षा आश्वासन प्राप्त करने के लिए, उसे ये समझने की ज़रूरत है कि उसके लिए आर्थिक रूप से परिहार्य आगे का रास्ता खुला है। उसे ये जानने की ज़रूरत है कि उसके लोग खा सकते हैं और उनके पास भी वो सभी धन-संपत्ति हो सकती है, जिसके हक़दार उत्तर कोरिया के लोग हैं। इसलिए, ये सभी बहुत ही करीबी से आपस में जुड़े मुद्दे हैं; उन्हें अलग-अलग करना मुश्किल है। और ना केवल जापान, बल्कि दक्षिण कोरिया, चीन – मैं सोचता हूँ कि अगर हम सिंगापुर में सफल रहते हैं, तो कई राष्ट्र उत्तर कोरिया की

	अर्थव्यवस्था में भाग लेना चाहेंगे।" "अर्थव्यवस्था खुलने की जो घटना होगी, वो केवल तभी होगा जब हम विपरमाणुकरण को पूरा कर लेंगे। तो, इसलिए ऐसी कई चीजें हैं जो साथ-साथ चल सकती हैं, किन्तु आर्थिक राहत, प्रतिबंधों से राहत, जिसके बारे में राष्ट्रपति ट्रम्प ने आज पहले कहा है, तब तक सार्थक नहीं हो सकता जब तक हम उत्तर कोरिया की तरफ से असली कार्रवाई, असली बदलाव ना देख लें। और जापान के तरफ से आर्थिक सहायता तब तक नहीं मिलेगी जब तक ये सब नहीं हो जाता।" 7 जून, 2018[20] "संयुक्त राज्य अमेरिका और उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सीधे बातचीत कर रहे हैं, और उत्तर कोरिया ने हमारे सामने विपरमाणुकरण की अपनी इच्छा व्यक्त की है। राष्ट्रपति ट्रम्प के आगामी शिखर सम्मेलन के समर्थन में सभी सरकारों का विस्तृत प्रयास जारी है।" "राष्ट्रपति ट्रम्प आशाजनक बने हुए हैं, किन्तु वे अपनी आँखें खुली रख कर शिखर सम्मेलन में जा रहे हैं। हमने देखा है कि अतीत में कितने ही अपूर्ण सहमतियों पर वार किया गया है। और आप सुनिश्चित हो सकते हैं कि राष्ट्रपति ट्रम्प एक ख़राब समझौते का समर्थन नहीं करेंगे। संयुक्त राज्य अमेरिका, बार-बार, यह स्पष्ट करता रहा है कि कोरियाई प्रायद्वीप का सम्पूर्ण, सत्यापनीय, और अपरिवर्तनीय विपरमाणुकरण ही एक ऐसा परिणाम है जो हमारे लिए स्वीकार्य होगा।" "हम आशा करते हैं कि हम अपने-आप को एक ऐसी स्थिति में रखेंगे जहाँ हम कुछ ऐसा कर सकें जो पिछली सरकार ने नहीं किया। है ना? उन्होंने कागज़ के एक पतले से टुकड़े पर हस्ताक्षर किया, और हम एक दस्तावेज जमा करने की आशा करते हैं, जिसमें कांग्रेस का भी मत होगा – जो इस प्रक्रिया को व्यापकता, मजबूती और अधिक समय देगा, जैसा निस्संदेह होता है, और ये वाला – आज से साढ़े छह वर्षों के बाद – जब ये होगा, अध्यक्ष किम को इस बात का आश्वासन होगा कि अमेरिकी नीति उसी मार्ग पर आगे बढ़ती रहेगी, जो हमें आशा है कि हम सिंगापुर में प्रशस्त कर सकेंगे।" **डोनाल्ड ट्रम्प – राष्ट्रपति** 5 जून, 2018[21] "सिंगापुर में उत्तर कोरिया के साथ मुलाक़ात, आशा है कि किसी बड़ी घटना की शुरुआत होगी......हमें जल्द ही पता चल जाएगा।"

सैराह सैंडर्स – प्रेस सचिव

4 जून, 2018[22]

“उत्तर कोरिया पर, हम 12 जून को राष्ट्रपति और उत्तर कोरियाई नेता के बीच होने वाली शिखर सम्मेलन की तैयारी सक्रिय रूप से कर रहे हैं। सिंगापुर में मौजूद उन्नत टीम लॉजिस्टिकल तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी है और शिखर सम्मेलन शुरू होने तक वहीं रहेगी।”

“विसैन्यीकृत क्षेत्र (डीएमजेड) में, अमेरिका के राजदूत उत्तर कोरियाई प्रतिनिधियों से राजनयिक समझौता कर रहे हैं। बहुत ही सकारात्मक चर्चाएँ रही हैं, और काफी प्रगति हुई है।”

जिम मैटिस – रक्षा सचिव

3 जून, 2018[23]

“डीपीआरके का मुद्दा। मेरे लगभग हर चर्चा में, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से ये समानता रही है कि...............सामूहिक विनाश का हथियार (डब्ल्यूएमडी), परमाणु हथियार और डब्ल्यूएमडी का एक सम्पूर्ण, सत्यापनीय, और अपरिवर्तनीय निष्कासन।”

“डीपीआरके के बारे में, एक चीज जो बारम्बार सामने आती है, वो है प्रायद्वीप में हमारी सैन्य ताकत। मैं ये दुबारा कहूँगा कि, मैं यहाँ समाचार नहीं सुना रहा हूँ, वहीं चीज ....हम कहीं नहीं जा रहे हैं। ये चर्चा का विषय भी नहीं है। आप जानते हैं, दस साल पहले, पांच साल पहले की सुरक्षा स्थितियों की वजह से, इस साल।”

“अगर आज से दस साल बाद, पांच साल बाद, इसकी समीक्षा की जाएगी, तो ये कोरियाई गणराज्य नामक एक लोकतंत्र और संयुक्त राज्य अमेरिका नामक एक लोकतंत्र के बीच होगा।”

2 जून, 2018[24]

“निस्संदेह, अगर राजनयिक अपना काम कर सकते हैं, अगर हम खतरा कम कर सकते हैं, अगर हम किसी सत्यापनीय चीज की मदद से विश्वास बनाने के उपायों को पुनःस्थापित कर सकते हैं, तो निश्चित ही इन दोनों संप्रभुत्व लोकतन्त्रों – कोरिया गणराज्य और संयुक्त राज्य अमेरिका में इस तरह के मुद्दे बाद में भी सामने आ सकते हैं।”

“12 जून को सिंगापुर में ये चर्चा का मुद्दा नहीं है, और ना ही होना चाहिए।”

“(कोरिया में अमेरिका की सैन्य ताकतों को घटाने या सेना को वापस लाने का मुद्दा) के विषयान्तर्गत, एक, उन्हें वहां रखने के लिए कोरिया गणराज्य का निमंत्रण, और संयुक्त राज्य अमेरिका और कोरिया गणराज्य के बीच हुई चर्चाएँ, डीपीआरके के साथ चल रही बातचीत से

	अलग और भिन्न है।"
	"उत्तर कोरिया को केवल राहत मिलेगी जब वो विपरमाणुकरण की दिशा में सत्यापनीय और अपरिवर्तनीय कदम उठा कर दिखाएगा।"
	डोनाल्ड ट्रम्प – राष्ट्रपति
	1 जून, 2018[25]
	"मुलाक़ात बहुत ही अच्छी रही। हम 12 जून को सिंगापुर में मुलाक़ात करेंगे। ये बहुत अच्छा रहा। ये वास्तव में एक-दूसरे को जानने वाली स्थिति है।"
	"माइक ने ये करने में दो दिन लगाया है। हमने उनके लोगों को बहुत अच्छी तरह जान लिया है।"
	"और मुझे लगता है कि ये एक प्रक्रिया होगी। ये नहीं है – मैंने कभी नहीं कहा कि ये एक ही मुलाक़ात में पूरी हो जाएगी। मुझे लगता है कि ये एक प्रक्रिया बनी रहेगी। लेकिन संबंध बन रहे हैं, और ये एक बहुत ही अच्छी बात है।"
	"मुझे लगता है कि वो ऐसा करना चाहते हैं। मुझे पता है वो ऐसा करना चाहते हैं। उन्हें इसके साथ-साथ कुछ अन्य चीजें भी चाहिए। वे एक देश के रूप में विकसित होना चाहते हैं। ये होने वाला है। मुझे कोई संदेह नहीं है। जापान शामिल है, जैसा कि आप जानते हैं, और दक्षिण भी काफी हद तक शामिल है। हम सब कुछ हासिल करने की शर्त में शामिल हैं। हर कोई अमेरिका को चाहता है। इसलिए, हम इस प्रक्रिया में बहुत सहायता करेंगे। हमारे बिना, ऐसा होना संभव नहीं था।"
	"लेकिन मुझे लगता है कि आप चीन को लेकर बहुत सकारात्मकता बनाए हुए हैं। मुझे लगता है कि आप राष्ट्रपति ज़ी को लेकर बहुत कुछ अच्छा होते हुए देख रहे हैं, जिन्होंने इसमें मेरी काफी सहायता की है। तो, हम देखेंगे कि ये रास्ता हमें कहाँ ले जाता है।"
	"लेकिन हम जा रहे हैं – 12 जून को सिंगापुर में रहेंगे। ये एक शुरुआत होगी। मैं नहीं कहता और मैंने कभी नहीं कहा कि ये एक ही मुलाक़ात में हो जाएगा। आप सालों की शत्रुता, सालों की समस्याओं, कई विभिन्न राष्ट्रों के मध्य सालों के नफरत की बात कर रहे हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अंत में आपको एक बेहद सकारात्मक परिणाम मिलने वाला है। एक ही मुलाक़ात से नहीं, बल्कि आपको अच्छी खबर मिलने वाली है।"
	31 मई, 2018[26]

	"उत्तर कोरिया के साथ बहुत अच्छी मुलाक़ात।" **माइक पोम्पियो – अमेरिका के सचिव** 31 मई, 2018[27] "मुलाकातों के इन सिलसिलो के ज़रिए, मुझे पूरा भरोसा है कि हम दिशा में बढ़ रहे हैं।" "हमने पिछ्ले 72 घंटों में शर्तें तय करने में वास्तव में प्रगति की है।" "ये शर्तें राष्ट्रपति ट्रम्प और अध्यक्ष किम जोंग उन को ऐसी जगह पर लाकर खड़ा कर रहा है जहाँ हमें लगता है कि इन दोनों की मुलाक़ात से असली प्रगति की जा सकेगी।" "(ऐसा प्रतीत होता है कि उत्तर कोरिया) आगे का मार्ग प्रशस्त कर रहा है, जहाँ वे एक सामरिक बदलाव ला सकते हैं, एक ऐसा बदलाव जो उनका देश लाने के लिए पहले तैयार नहीं था।" "कई कठिन पल होंगे, मुश्किल भरा समय होगा।" "मैंने उनके साथ कुछ कड़वी बातचीत भी की है। उन्होंने उसी समय उनका जवाब भी दिया है।" "इसके बारे में कोई गलती ना करें। राष्ट्रपति ट्रम्प, ये सरकार पूरी तरह समझती है कि ये समस्या कितनी कठिन है।" "एक लम्बा इतिहास रहा है जहाँ उत्तर कोरिया ने अपने परमाणु कार्यक्रम को सुरक्षा प्रदान करने के नज़रिए से देखा है जो उसके अपने शासन के लिए आवश्यक थी।" "इस मुद्दे पर कई बार बातचीत हुई है कि हमें किस तरह आगे बढ़ना चाहिए, कौन सा रास्ता अपनाया जा सकता है, ताकि हम विपरमाणुकरण जो पूरी दुनिया उत्तर कोरिया से चाहती है और सुरक्षा आश्वासन जो उनके लिए आवश्यक होगा, दोनों को प्राप्त किया जा सके।" "हम उनकी चिंताओं को समझते हैं। हम उस जोखिम को समझते हैं, जो उन पर हो सकता है। और हम जिस समझौते पर पहुंचेंगे उसका एक नतीजा सामने आएगा, जिसके बारे में इनमें से हर देश राजी होगा।" "प्रस्तावित शिखर सम्मेलन राष्ट्रपति ट्रम्प और अध्यक्ष किम के लिए खुलने का एक ऐतिहासिक मौका है जो संयुक्त राज्य अमेरिका और डीपीआरके को शांति, सुरक्षा, और समृद्धि के युग में मजबूती से अग्रसर करेगा।"

	"इस अवसर को खोने की कोई गुंजाइश नहीं।" "हमारे पास एक मौका होगा ये जांचने का कि स्थितियां ऐसी ही हैं या नहीं।" 31 मई, 2018[28] "#उत्तर कोरिया के टीम के साथ बुनियादी बातचीत की गई। हमने हमारे नेताओं के मध्य होने वाली शिखर सम्मेलन के लिए अपनी प्राथमिकताओं पर चर्चा की।" "किम योंग चोल और उनके टीम के साथ आज की मुलाक़ात में अच्छी प्रगति हुई। #उत्तर कोरिया और पूरे विश्व को कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण से बहुत लाभ होगा।" **डोनाल्ड ट्रम्प – राष्ट्रपति** 31 मई, 2018[29] "मेरा मानना है कि वे शुक्रवार को वाशिंगटन आएँगे और किम जोंग उन की तरफ से मुझे एक पत्र मिलेगा।" "इसलिए मैं इंतज़ार में हूँ ये देखने के लिए कि उस पत्र में क्या है, लेकिन ये उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है।" "मुझे लगता है कि ये बहुत अच्छा होगा।" **माइक पोम्पियो – अमेरिका के सचिव** 30 मई, 2018[30] "अध्यक्ष किम के साथ होने वाली शिखर सम्मेलन की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए न्यू यॉर्क में किम योंग चोल से मुलाक़ात करने की आशा है।"पोम्पियो ने अमेरिका के राष्ट्रपति का शॉर्टहैंड इस्तेमाल करते हुए ट्वीट किया, "हम कोरियाई प्रायद्वीप के सम्पूर्ण, सत्यापनीय और अपरिवर्तनीय विपरमाणुकरण के लिए कटिबद्ध हैं।" **सैराह सैंडर्स – प्रेस सचिव, वाइट हाउस** 30 मई, 2018[31] "ये बातचीत (कोरियाई) प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण पर केन्द्रित होगी।" "जब तक ये चर्चा का हिस्सा बना रहेगा, हम 12 जून को मुलाक़ात करने के लिए तैयार रहेंगे और ऐसा करने की उम्मीद करते हैं।"

"आज भी अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल ने राजदूत सुंग किम के अगुवाई में उत्तर कोरियाई अधिकारियों के साथ मुलाक़ात की, और उनकी बातचीत जारी रहेगी।"

"अब तक, इन मुलाकातों के सकारात्मक निष्कर्ष निकले हैं, और हम इसमें आगे बढ़ना जारी रखेंगे।"

डोनाल्ड ट्रम्प – राष्ट्रपति

29 मई, 2018

"हमने उत्तर कोरिया के साथ बातचीत करने के लिए अपना बेहतरीन टीम बनाया है। वर्तमान शिखर सम्मेलन और अन्य चीजों को लेकर मुलाकातें हो रही हैं। उत्तर कोरिया के वाईस अध्यक्ष, किम योंग चोल अब न्यू यॉर्क के लिए रवाना हो रहा हैं। मेरे पत्र का एक ठोस जवाब, धन्यवाद!"

सैराह सैंडर्स – प्रेस सचिव, वाइट हाउस

29 मई, 2018[33]

"जब से राष्ट्रपति जी ने 24 मई को कोरियाई नेता किम जोंग उन को पत्र भेजा है, उसके बाद से ही उत्तर कोरिया के लोग हमसे जुड़े रहे हैं।"

"संयुक्त राज्य अमेरिका, राष्ट्रपति ट्रम्प की नेता किम के साथ सिंगापुर की अपेक्षित शिखर सम्मेलन के लिए बड़ी ही सक्रियता के साथ तैयारियों में जुटा है।"

डोनाल्ड ट्रम्प – राष्ट्रपति

27 मई, 2018[34]

"किम जोंग उन और मेरे बीच होने वाली शिखर सम्मेलन की तैयारियां करने के लिए हमारी अमेरिका की टीम उत्तर कोरिया में पहुँच गई है। मैं सचमुच मानता हूँ कि उत्तर कोरिया में अपार क्षमता है और एक दिन आर्थिक और वित्तीय रूप से एक महान राष्ट्र बनेगा। किम जोंग उन इस बात पर मेरे साथ सहमत हैं। ऐसा ज़रूर होगा।"

हीथर नोएर्ट – वक्ता, विदेश विभाग

27 मई, 2018[35]

"एक अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल पनमुनजोम में उत्तर कोरियाई अधिकारियों के साथ बातचीत में बना हुआ है। हम राष्ट्रपति और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के बीच मुलाक़ात की

	तैयारियों में जुटे हैं।" **डोनाल्ड ट्रम्प –राष्ट्रपति** 25 मई, 2018[36] "हम शिखर सम्मेलन को पुनः आयोजित करने के बारे में उत्तर कोरिया के साथ बातचीत कर रहे हैं, जो यदि होता है, सिंगापुर में ही उसी तारीख, 12 जून, को होने की संभावना है और ज़रूरत पड़ने पर इस तारीख के बाद भी विस्तृत किया जाएगा।" 25 मई, 2018[37] "हम देखेंगे कि क्या होने वाला है। अभी हम उनसे बातचीत कर रहे हैं। 12 तारीख को हो सकता है।" "बहुत ही अच्छी खबर सुनने को मिली है, उत्तर कोरिया ने गर्मजोशी के साथ एक सकारात्मक बयान दिया।" "हमें जल्द ही पता चल जाएगा कि ये कहाँ ले जाएगा, आशा है कि दीर्घ और चिरस्थायी शांति और समृद्धि की ओर। सिर्फ समय (और प्रतिभा) ही बताएगा!" **जिम मैटिस – रक्षा सचिव** 25 मई, 2018[38] "हमें, कोरियाई शिखर सम्मेलन के बारे में कुछ अच्छी, संभवतः कुछ अच्छी खबर मिली है, जहाँ ये, अगर हमारे राजनयिकों ने कर दिखाया तो, शायद भी बात बढ़ सकती है।" "हमारे राष्ट्रपति जी ने लगभग कुछ क्षण पहले एक नोट भिजवाया है.....कि एक सामान्य आदान-प्रदान है, आपने जानते हैं ना, बड़ी शिखर सम्मेलनओं और ऐसी चीजों को सार्थक बनाने की कोशिश की जा रही है। राजनयिकों का काम अब भी जारी है।" "मैं आशावादी बना हुआ हूँ कि हमारे राजनयिक काम कर रहे हैं। हमारे राजनयिक इसे सिद्ध करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।" **सैराह सैंडर्स – प्रेस सचिव, वाइट हाउस** 25 मई, 2018[39]

	"देखिए, हम हमेशा तैयार रहेंगे और अगर 12 जून को मुलाक़ात होती है, तो हम तैयार रहेंगे।" "हम ज़रूर मुलाक़ात करना चाहेंगे, लेकिन राष्ट्रपति सिर्फ मिलना नहीं चाहते।" "वे एक घटिया राजनीतिक स्टंट नहीं करना चाहते। वो कुछ ऐसा हासिल करना चाहते हैं जो लम्बे समय तक चले और एक असली वास्तविक समाधान हो।" **अधिकारी – वाइट हाउस** 24 मई, 2018[40] वाडे तोड़ने के सिलसिलों ने संयुक्त राज्य अमेरिका में ठहराव ला दिया था।" "(राज्य) सचिव (माइक) पोम्पियो के प्योंगयांग के दूसरे दौरे पर, उत्तर कोरिया ने वचन दिया था कि शिखर सम्मेलन की लॉजिस्टिकल तैयारियों पर संयुक्त रूप से काम करने के लिए दोनों पक्षों की मुलाक़ात पिछले सप्ताह सिंगापुर में होगी।" "(वाइट हाउस की एक एडवांस टीम) इंतज़ार और बस इंतज़ार किया और उत्तर कोरिया के लोग नहीं आए।" "उत्तर कोरिया के लोगों ने हमें कुछ बताया भी नहीं। उन्होंने बस हमें इंतज़ार करवाया।" "वो वादा टूट गया.......हमारे पास इसका कोई फॉरेंसिक सबूत नहीं है कि काफी कुछ हासिल किया गया था।", उन्होंने कहा। "ये संभव है कि उन सुरंगों को इस तरह से बनाया गया हो कि भविष्य में भी उनका उपयोग करना संभव हो।" "फैसला लेने की इच्छा में कमी के साथ-साथ पिछले सप्ताह के दौरान तोड़े गए वादों और उत्तर कोरिया का अमेरिका के साथ सीधी बातचीत बंद करना, सद्भाव की प्रगाढ़ कमी को दर्शाता है।" "राष्ट्रपति ने हमेशा ये साफ-साफ कहा है कि वे इस मुलाक़ात से पीछे हटने के लिए तैयार थे और उन्होंने अपनी बात साबित कर दिखाई।" "लेकिन राष्ट्रपति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण लक्ष्य मुलाक़ात करना नहीं था।" "ये कोरियाई प्रायद्वीप का विपरमाणुकरण है। और हमारे राष्ट्रपति कभी-भी अमेरिका और इसके सम्बद्ध देशों की सुरक्षा और रक्षा के लिए कोई समझौता नहीं करेंगे।" **डोनाल्ड ट्रम्प – राष्ट्रपति**

	24 मई, 2018[41] “हमारी सेना, जो दुनिया में कहीं भी सबसे शक्तिशाली है, उसकी ताकतों को हाल ही में काफी हद तक बढ़ाया गया है, जैसा कि आप सभी जानते हैं, यदि ज़रूरत पड़े तो हम तैयार हैं।” “इसी तरह, मैंने दक्षिण कोरिया और जापान से बात की है, और वे न केवल इस बात के लिए तैयार हैं कि उत्तर कोरिया कोई मूर्खतापूर्ण या लापरवाह काम करेगा, बल्कि यदि हमें इस प्रकार की दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति में डाला गया तो वे किसी भी वित्तीय भार, कार्रवाई के संबंध में अमेरिका से जुड़ी किसी भी अन्य लागत का बोझ बांटने के लिए भी इच्छुक हैं।” “यदि किम जोंग-उन रचनात्मक संवाद और कार्यों के साथ जुड़ना चुनते हैं।” “मैं इंतज़ार कर रहा हूं।” “इस बीच, हमारे बहुत ही मजबूत प्रतिबंध, जो अब तक लगाए गए सबसे अधिक मजबूत प्रतिबंध है और अधिकतम दबाव अभियान ठीक उसी तरह से जारी रहेगा जैसा कि अब तक जारी रहा है।” 24 मई, 2018[42] उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन को लिखे पत्र में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा, “हम, दोनों पक्षों के तरफ से चाही गई शिखर सम्मेलन के संबंध में हाल में हुई हमारी बातचीत और चर्चाओं के लिए अपना समय, धीरज देने और प्रयास करने की सराहना करते हैं।” “अफसोस की बात है, आपके सबसे हालिया बयान में प्रदर्शित जबरदस्त गुस्से और खुली दुश्मनी को देखते हुए, मुझे लगता है कि, इस समय, लम्बे समय से अपेक्षित ये मुलाक़ात करना अनुचित होगा।” “कृपया इस पत्र के ज़रिए ये दर्शाया जाए कि सिंगापुर में होने वाली शिखर सम्मेलन, दोनों पक्षों की भलाई के लिए, लेकिन जो दुनिया के लिए नुकसान की बात है, अब नहीं होगी।” “आप अपनी परमाणु क्षमताओं के बारे में बात करते हैं, लेकिन हमारी परमाणु शक्ति इतनी विशाल और शक्तिशाली हैं कि मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि कभी भी उनका उपयोग ना करना पड़े।” “मुझे लगा कि आपके और मेरे बीच एक अद्भुत संवाद बन रहा है, और आखिरकार, केवल वहीं संवाद है जो मायने रखता है। किसी दिन, मैं ज़रूर आपसे मिलना चाहूँगा। इस बीच, मैं उन

बंधकों को रिहा करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं जो अब अपने घर पहुँच चुके हैं और परिवार के साथ हैं। ये एक बहुत ही अच्छी चेष्टा थी और जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है।"

"यदि, आप इस शिखर सम्मेलन को रद्द करने के संबंध में अपना मन बदलते हैं तो कृपया मुझे पत्र लिखने या कॉल करने में कोई संकोच ना करें। पूरी दुनिया, और विशेष रूप से उत्तर कोरिया, ने स्थायी शांत और अपार समृद्धि और धन प्राप्त करने का अवसर गवा दिया। गवाया गया यह अवसर वास्तव में इतिहास की सबसे दुखद पल है।"

23 मई, 2018[43]

"मैं चाहूँगा कि (विपरमाणुकरण) ये तुरंत कर दिया जाए, लेकिन आप जानते हैं, भौतिक रूप से, ये काम चरण दर चरण करने की थोड़ी आवश्यकता है।"

"ये काम तेजी से चरण दर चरण किया जाना चाहिए, लेकिन मैं इसे एक ही बार में पूरा होता हुआ देखना चाहता हूँ।"

"हमारी कुछ शर्तें हैं। हम देखते हैं कि आगे क्या होता है।"

23 मई, 2018[44]

"सिंगापुर में, हम देखेंगे। और ऐसा हो भी सकता है। ऐसा बहुत अच्छे से हो सकता है। लेकिन जो भी होगा, वो होगा। हमें अगले सप्ताह में सिंगापुर के बारे में पता चलेगा। और अगर हम जाते हैं, तो मुझे लगता है कि ये उत्तर कोरिया के लिए बहुत अच्छी बात होगी।"

माइक पोम्पियो – अमेरिका के सचिव

23 मई, 2018[45]

अमेरिका के परामर्शक और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में सचिव ने कहा

"हमने किम जोंग उन के साथ राष्ट्रपति जी की 12 जून के मुलाक़ात की तैयारियों के बारे में बातचीत की। मुझे चीन का दृष्टिकोण जानने का मौका मिला और अमेरिका, डीपीआरके, और पूरी दुनिया के सामने जो अवसर है, उस बारे में उनके अवलोकन की सराहना करता हूँ।"

"हमने उत्तर कोरिया पर दबाव बनाए रखने और उत्तर कोरिया से संबंधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के संकल्पों को पूरी तरह से तब तक लागू करवाने के बारे में हमारी दृढ़ कटिबद्धता पर चर्चा की जब तक हम उत्तर कोरियाई प्रायद्वीप की सम्पूर्ण, सत्यापनीय और अपरिवर्तनीय

	विपरमाणुकरण देख और हासिल नहीं कर लेते। आज हम ये पुष्टि करते हैं कि हम चीन समेत सभी देशों से अपेक्षा करते हैं कि हम उनके उत्तरदायित्वों को पूरा करेंगे और इन उपायों को पूर्ण रूप से लागू करेंगे।" "यदि प्योंगयांग अपने विपरमाणुकरण के लिए तैयार है तो चीन, अमेरिका, दक्षिण कोरिया, जापान – हम सभी डीपीआरके को एक उज्जवल भविष्य देने के लिए कटिबद्ध हैं। जब तब इसका समय नहीं आ जाता, दबाव बना रहेगा।" 23 मई, 2018[46] "हम पहले ही उत्तर कोरिया के साथ हमारी ऐतिहासिक बैठक की तैयारियों में इसे देख रहे हैं, जो अब भी 12 जून को होने वाली है। हमारे पास एक बड़ी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती को हल करने का एक अवसर है। इतिहास से सीख पाने के लिए हमारी आँखें खुली हैं, लेकिन हम आशावादी बने हुए हैं कि हम एक ऐसा नतीजा प्राप्त कर सकते हैं जो दुनिया के लिए बहुत अच्छा होगा। जब तक हम कोरियाई प्रायद्वीप का पूर्ण, सत्यापनीय और अपरिवर्तनीय विपरमाणुकरण करने की दिशा में ठोस कार्रवाई होते हुए अपनी आँखों से ना देख लें, हमारा रुख बदलने वाला नहीं है।" "अगर सही सौदा नहीं किया जाता है, तो हम सम्मानपूर्वक पीछे हट जाएंगे।" "एक बुरा सौदा करने का सवाल ही नहीं है।" 22 मई, 2018[47] "मुझे सचमुच में ऐसा आभास होता है कि वे (किम जोंग-उन) अपने लोगों के लिए अमेरिकी निवेश, अमेरिकी प्रौद्योगिकी, अमेरिकी ज्ञान का महत्व समझ पाएंगे और ये एक ऐसा मुद्दा पर जिस पर मुझे और उन्हें सामान्य बातचीत करने का मौका मिला है।" **डोनाल्ड ट्रम्प – राष्ट्रपति** 22 मई, 2018[48] दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे इन के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा "सचमुच में उत्तर कोरिया एक बहुत बड़ा है। चाहे उनका व्यापार कितना बड़ा हो, उत्तर कोरिया, इस मामले, बड़ा है।" "सबसे बड़ा विषय होगा सिंगापुर और वहां होने वाली मुलाक़ात। देखिए क्या होता है, होता भी है

या नहीं। यदि होता है, तो बहुत अच्छा होगा, ये उत्तर कोरिया के लिए बहुत अच्छी बात होगी। और अगर नहीं होता है, तो ये भी ठीक है। जो भी होगा, वो होगा।"

"मुझे लगता है कि वो इसे (विपरमाणुकरण) को लेकर गंभीर हैं। मुझे लगता है कि वे ऐसा होता हुआ देखना चाहेंगे। पर उसी समय, वे एक भविष्य की ओर बढ़ने जा रहे हैं जो उस भविष्य से काफी अलग है जिसकी कल्पना उन्होंने की थी। लेकिन मुझे लगता है कि वो इस बारे में सोच-विचार कर रहे हैं।"

"हमारी कुछ शर्तें हैं, जो हम चाहते हैं, और मुझे लगता है कि वो हमारी शर्तें ज़रूर मानेंगे। और अगर हमारी शर्तें नहीं मानी जाती हैं, तो हम मुलाक़ात नहीं करेंगे। और साफ-साफ कहा जाए तो, ये मुलाक़ात उत्तर कोरिया के लिए ये एक बहुत ही अच्छा मौका है और दुनिया के लिए भी। अगर ये नहीं होता है, तो शायद ये बाद में होगा। शायद किसी और समय होगा। लेकिन हम देखेंगे।"

"तो इस बात की काफी संभावना है कि ये नहीं होने वाला है। और ऐसा हो तो भी ठीक है। इसका मतलब ये नहीं कि ये कभी भी संभव नहीं होगा। लेकिन हो सकता है 12 जून को ये ना हो सके। पर इसकी अच्छी संभावना है कि हमारी मुलाक़ात होगी।"

"किम जोंग उन जब दूसरी बार चीन लौटे, तो उनके रवैये में बदलाव था।"

"मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ज़ी पोकर के एक विश्व-स्तरीय खिलाड़ी हैं। और मैं भी, शायद, वहीँ करता, जो वो करते। लेकिन मैं ये कहूँगा: मुलाक़ात के बाद रवैया कुछ बदला-बदला सा था, और मुझे ये देख कर थोड़ा आश्चर्य हुआ। पर अब, शायद कुछ नहीं हुआ था। मैं किसीको दोष नहीं दे रहा, बल्कि मैं बस कह रहा हूँ, कि शायद कुछ नहीं हुआ और शायद कुछ हुआ हो।"

"लेकिन उत्तर कोरियाई लोगों का रवैया बदल गया था, मुलाक़ात के बाद। इसलिए मुझे नहीं लगता ये एक अच्छी मुलाक़ात रही होगी। मुलाक़ात के बारे में किसीको पता नहीं था, और अचानक से ये सूचना मिली कि वे दूसरी बार चीन गए थे। जब वो पहली बार आए थे, तो सबको इस बारे में जानकारी थी। दूसरी बार, एक सरप्राइज जैसा था।"

माइक पेंस – उप-राष्ट्रपति

22 मई, 2018[49]

"किम जोंग उन के लिए यह सोचना एक बड़ी भूल होगी कि वह डोनाल्ड ट्रम्प के साथ खिलवाड़ कर सकते हैं।"

"पिछले हफ्ते लीबिया के मॉडल के बारे में कुछ बात हुई थी, और आप जानते हैं, जैसा कि

	राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया है, यदि किम जोंग उन ये सौदा नहीं करते हैं, तो इसका अंत भी ठीक वैसा ही होगा जिस तरह लीबिया के मॉडल का अंत हुआ था।" जब यह देखा गया कि इस तुलना को धमकी के रूप में समझा जा सकता है, तो पेंस ने फॉक्स न्यूज़ से कहा कि "ठीक है, मुझे लगता है कि ये इन सब से ज्यादा एक तथ्य है।" **डोनाल्ड ट्रम्प- राष्ट्रपति** 21 मई, 2018[50] "जब तक ये सौदा पक्का नहीं हो जाता, चीन को उत्तर कोरिया की सीमा पर मजबूत और सख्त बना रहना होगा। सुनने में आया है कि हाल ही में सीमाबंदी बहुत ढ़ीली हो गई है और ज्यादा से ज्यादा लोग घुसपैठ कर रहे हैं। मैं चाहता हूं कि ऐसा हो, और चाहता हूँ कि उत्तर कोरिया बहुत सफल रहे, लेकिन समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद ही! " **माइक पोम्पियो - राज्य सचिव** 21 मई, 2018[51] "किम जोंग-उन के साथ मिलने की हमारी इच्छा, सबसे बड़ी चुनौतियों को हल करने में सहायता के लिए राजनय के प्रति ट्रम्प सरकार की कटिबद्धता को दर्शाता है, भले ही इसमें हमारे कट्टर विरोधियों का साथ भी हो।" "लेकिन इस इच्छा के साथ एक दर्दनाक दबाव अभियान भी जुड़ा है, जो इस चुनौती को हमेशा के लिए हल करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।" **स्टीव म्नुचिन – राजकोष सचिव** 21 मई, 2018[52] "मुझे नहीं लगता कि राष्ट्रपति किसी भी चीज से घबराते हैं।" "इसलिए मेरा मानना है कि, जैसा कि राष्ट्रपति ने कहा था, अभी के लिए ये बना हुआ है। यदि इसमें बदलाव होता है, तो आपकी इस बारे में पता चल जाएगा।"
दक्षिण कोरिया	**सोंग यूंग मू – रक्षा मंत्री** 2 जून, 2018[53] "श्री ओनोडेरा (जापान के रक्षा मंत्री) ने वादों के बारे में बात की (उत्तर कोरिया ने जो तोड़ा है)। ये

अतीत में हुआ था। अब इसका नेता बदल गया है।”

“यदि हम मानते हैं कि अतीत के तरह ही उत्तर कोरिया भविष्य में भी हमारे साथ धोखा करेगा, तो हम उसके साथ कैसे बातचीत कर पाएंगे और शांति बना पाएंगे?”

“(हम) नहीं चाहेंगे कि उत्तर कोरिया ध्वस्त हो जाए, उसका अवशोषण-आधारित पुनर्मूल्यांकन और कृत्रिम एकीकरण हो।”

किम युई कियोम – वक्ता, राष्ट्रपति कार्यालय

2 जून, 2018[54]

“ऐसा प्रतीत होता है कि उत्तर कोरिया-अमेरिका के शिखर सम्मेलन क मार्ग और भी लम्बा और चौड़ा हो गया है।”

“हम बड़े ही उत्साह के साथ किन्तु शांति से सिंगापुर में होने वाली ऐतिहासिक मुलाक़ात का इंतज़ार करेंगे।”

मून जे इन – राष्ट्रपति

31 मई, 2018[55]

“अगर दक्षिण और उत्तर कोरियाई संबंधों में सुधार होता है और कोरियाई प्रायद्वीप पर शांति स्थापित होती है, तो हमारी अर्थव्यवस्था में एक बड़ा बदलाव आएगा। हमें दक्षिण और उत्तर कोरिया के बीच आर्थिक सहयोग को फिर से बहाल करने की तैयारी में कोरियाई प्रायद्वीप का एक नया आर्थिक नक्शा बनाने के लिए अपने वित्तीय व्ययों की भूमिका की अग्रिम रूप से समीक्षा करने की भी आवश्यकता होगी।”

चो म्यूंग-ग्योन- संघीकरण मंत्री

30 मई, 2018[56]

“यह (चल रही कूटनीति) हमारे लिए एक अवसर है कि हम कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण और अमेरिका-उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन के लिए नेताओं के मजबूत संकल्प की पुनः पुष्टि करें।”

“हालांकि इसमें कई मोड़ आए हैं, पर फिर भी चीजें योजना के अनुसार आयोजित करने (शिखर सम्मेलन) की निश्चित दिशा में बढ़ रही हैं।”

	"घटनाओं का सिलसिला (पिछले हफ्तों में) ये स्मरण करवाता है कि विपरमाणुकरण और शांति स्थापित करने की प्रक्रिया इतनी आराम से नहीं होगी।" "इसमें जो चीज मायने रखता है वो ये है कि बातचीत करने वाले लोग एक (साझा) लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ते रहें, और लगातार बातचीत करने के माध्यम से मतभेदों को कम करने और एकमत होने का प्रयास करें।" 30 मई, 2018[57] "मैं कह सकता हूं कि उत्तर कोरिया और अमेरिका के रुख का अंतर काफी बड़ा है। इस अंतर को कम करना और एकमत होना आसान नहीं होगा लेकिन मुझे लगता है कि यह असंभव भी नहीं होगा।" "अब जब दोनों देशों के नेता ऊपर से लेकर नीचे तक बातचीत करने में जुटे हैं, मुझे लगता है कि इस बात की संभावनाएं अधिक हो गई हैं कि वे एकमत हो जाएंगे।" "मैं कह सकता हूं कि हम कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण के द्वार में प्रवेश कर चुके हैं।" "कई चुनौतियां होंगी जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है।" **नोह क्यू-दुक - प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय** 29 मई, 2018[58] "दोनों पक्षों के बीच अग्रिम रूप से शिखर सम्मेलन से संबंधित मुद्दों को ठीक करने के प्रयास के परिणामस्वरूप आगे बढ़ने की अपेक्षा है, (हम) स्थिति की करीब से निगरानी करेंगे और हमसे जो संभव होगा वो भूमिका निभाएंगे।" **चुंग युई-योंग- प्रमुख, राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यालय** 29 मई, 2018[59] "हम हर दिन अमेरिका के साथ संवाद कर रहे हैं।" **चू मी-ए - अध्यक्ष, डीपी (सत्तारूढ़ दल)** 29 मई, 2018[60] "दक्षिण और उत्तर कोरिया, या दोनों कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका, शांति संधि लाने से पहले कोरियाई युद्ध को समाप्त करने की घोषणा कर सकते हैं।"

	"कुछ लोगों का दावा है कि दक्षिण कोरिया युद्धविराम का एक पक्ष नहीं है, इसलिए यह युद्ध की घोषणा का हस्ताक्षरकर्ता नहीं हो सकता। लेकिन दक्षिण कोरिया ने युद्ध लड़ा है।" **अधिकारी - राष्ट्रपति कार्यालय** 28 मई, 2018[61] "चर्चाएँ अभी शुरू ही हो रही है, इसलिए हम अब भी इंतजार कर रहे हैं कि इसके नतीजे क्या आते हैं, लेकिन उनके नतीजों के आधार पर, हमारे राष्ट्रपति राष्ट्रपति ट्रम्प और अध्यक्ष किम के साथ सिंगापुर सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं।" "यदि उत्तर कोरिया-अमेरिका की शिखर सम्मेलन सफल होती है, तो मैं दक्षिण कोरे, उत्तर कोरिया और अमेरिका के मध्य तीन-तरफ़ा शिखर संधि के माध्यम से औपचारिक रूप से (कोरियाई) युद्ध को समाप्त करने का प्रयास होता हुआ देखना चाहता हूं।" **मून जे-इन-राष्ट्रपति** 27 मई, 2018[62] "अध्यक्ष किम जोंग-उन ने पनमुनजोम घोषणा की प्रतिज्ञा लेने के बाद एक बार फिर से कोरियाई प्रायद्वीप के सम्पूर्ण विपरमाणुकरण के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की है और उत्तर कोरिया-अमेरिका शिखर सम्मेलन की सफलता के माध्यम से युद्ध और टकराव के इतिहास को समाप्त करने की इच्छा व्यक्त की है।" "हम दोनों नेताओं ने सहमति जताई है कि 12 जून की उत्तर कोरिया-अमेरिका शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित होना चाहिए।" "पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ आयोजित मेरी शिखर सम्मेलन के परिणामों की व्याख्या करते हुए, मैंने यह संदेश दिया कि यदि किम सम्पूर्ण विपरमाणुकरण का निर्णय लेते हैं और उसपर कार्य भी करते हैं तो राष्ट्रपति ट्रम्प उत्तर कोरिया के साथ अपने देश के शत्रुतापूर्ण संबंधों को समाप्त करने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हैं।" "इसके अलावा, क्योंकि अध्यक्ष किम और राष्ट्रपति ट्रम्प दोनों उत्तर कोरिया-अमेरिकी शिखर सम्मेलन की सफलता की कामना करते हैं, मैंने दोनों पक्षों को प्रत्यक्ष संचार के माध्यम से किसी भी गलतफहमी को दूर करने और उन एजेंडा मुद्दों पर पर्याप्त बातचीत करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिन्हें शिखर सम्मेलन में संबोधित करना जरूरी है।"

	"अध्यक्ष किम भी सहमत हैं।" "अध्यक्ष किम जोंग-उन ने एक बार फिर स्पष्ट रूप से पुष्टि की है कि कल सम्पूर्ण विपरमाणुकरण करने की उनकी प्रतिबद्धता बनी हुई है। अध्यक्ष किम जोंग-उन इस बात को लेकर सुनिश्चित नहीं हैं कि क्या अमेरिका के साथ अपने शत्रुतापूर्ण संबंधों को समाप्त करने और एक बार उत्तर कोरिया का विपरमाणुकरण होने के बाद इसकी सुरक्षा की गारंटी देने के बारे में अमेरिका के वादों पर भरोसा कर सकते हैं या नहीं।" "अब मैं जो भी प्रयास कर रहा हूं, उसका उद्देश्य एक तरफ दक्षिण-उत्तर कोरिया के संबंध में सुधार करना है, लेकिन दूसरी ओर, उनका उद्देश्य उत्तर कोरिया-अमेरिकी शिखर सम्मेलन का आयोजन करना भी है, जो दक्षिण-उत्तर के संबंधों में सुधार के लिए नितांत आवश्यक है।" "मेरा मानना है कि 12 जून की उत्तर कोरिया-अमेरिकी शिखर सम्मेलन सफल होगी या असफल, ये इस बात पर निर्भर करता है कि वे (उत्तर कोरिया और अमेरिका) कितनी सफलतापूर्वक अपने कार्य-स्तर की वार्ताओं को पूरा करते हैं।" "यदि कोरिया-अमेरिका शिखर सम्मेलन सफल होता है, तो मैं दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया और अमेरिका के मध्य तीन-तरफ़ा शिखर सम्मेलन के माध्यम से औपचारिक रूप से (कोरियाई) युद्ध को समाप्त करने का प्रयास होते हुए देखना चाहता हूं।" "मैं हाल ही हुई वार्ताओं को काफी महत्व देना चाहता हूं, जो इस तरह हुई है कि मानो ये दो दोस्तों के बीच की एक सामान्य बातचीत हो।" "मुझे विश्वास है कि दक्षिण और उत्तर कोरिया को इसी तरह से मिलना चाहिए।" **यून योंग-चान - प्रेस सचिव, राष्ट्रपति कार्यालय** 25 मई, 2018[63] "एनएससी के सदस्यों ने सहमति व्यक्त की है कि हमारी सरकार के लिए महत्वपूर्ण है कि वह 27 अप्रैल के पनमूनजोम घोषणा के अनुसार अंतर-कोरियाई संबंधों में सुधार के लिए अपने प्रयासों को जारी रखे और इस तरह के प्रयासों से अमेरिका-उत्तर कोरिया के संबंधों में सुधार होगा और कोरियाई प्रायद्वीप के सम्पूर्ण विपरमाणुकरण की दिशा में गति आएगी।" "उनके लिए यह अधिक प्रभावी होगा कि वे दूसरे पक्ष के मन में क्या है, ये समझने के लिए एक-दूसरे के साथ सीधी बातचीत करें।"

“ऐसे समय में जब अमेरिका-उत्तर शिखर सम्मेलन में एक रोड़ा आ गया है, उनके मध्य खुले और प्रत्यक्ष संचार माध्यमों की आवश्यकता है।”

“जब तक आशा की एक किरण नज़र आती है, दक्षिण प्रायद्वीप शांति लाने की पूरी कोशिश करेगा।”

मून जे-इन-राष्ट्रपति

24 मई 2018[64]

“कोरियाई प्रायद्वीप का विपरमाणुकरण और स्थायी शांति की स्थापना ऐसे ऐतिहासिक कार्य हैं जिन्हें न तो त्यागा जा सकता है और न ही विलंब किया जा सकता है।”

“मैं बहुत हैरान हूं और यह बहुत अफसोस की बात है कि तय किए गए अनुसार उत्तर कोरिया-अमेरिकी शिखर सम्मेलन 12 जून को आयोजित नहीं किया जाएगा।”

“वर्तमान में उपयोग किए जा रहे संचार के ऐसे तरीकों के माध्यम से संवेदनशील और जटिल राजनयिक मुद्दों को हल करना मुश्किल है।”

“मुझे उम्मीद है कि (दोनों देश) के नेता आपस में सिधी और करीबी बातचीत करके इस तरह के मुद्दों को हल करेंगे।”

नोह क्यू-दुक - प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

24 मई, 2018[65]

“हम इस (चो द्वारा की गई) टिप्पणी का बारीकी से विश्लेषण कर रहे हैं कि (उत्तर कोरिया-अमेरिका) शिखर सम्मेलन पर पुनर्विचार किया जाएगा।”

“सरकार, अमेरिका और अन्य संबंधित देशों के साथ करीबी से परामर्श कर रही है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि अंतर-कोरियाई शिखर सम्मेलन में सहमत सम्पूर्ण विपरमाणुकरण के लक्ष्य को उत्तर कोरिया-अमेरिका शिखर सम्मेलन जैसे बातचीत के माध्यम से प्राप्त किया जाए।”

यून योंग चान – प्रेस सचिव, राष्ट्रपति कार्यालय

26 मई, 2018[66]

	"राष्ट्रपति मून जे-इन ने चैरमैन किम जोंग उन के साथ 26 (मई) को पनमुनजोम के उत्तर कोरियाई तरफ स्थित तोंगिल-गाक में 3 बजे से लेकर 5 बजे तक दूसरी शिखर सम्मेलन की।" "दोनों नेताओं ने 27 अप्रैल को पनमुनजोम घोषणा के कार्यान्वयन और उत्तर कोरिया-अमेरिकी शिखर सम्मेलन को सफल शुरुआत पर अपने स्पष्ट विचारों का आदान-प्रदान किया।" **चो म्योंग-ग्योन - संघीकरण मंत्री** 26 मई, 2018[67] "किसी भी संकट और चुनौती को सभी शामिल पक्षों के साथ बातचीत के माध्यम से दूर किया जाना चाहिए जो एक दूसरे का सम्मान करते हों और खुद को दूसरे की जगह रख कर देखते हों।" "कोरियाई प्रायद्वीप का विपरमाणुकरण और स्थायी शांति, एक ऐसा कार्य है जिसे हम कभी नहीं छोड़ सकते हैं, ना ही इससे पीछे हट सकते हैं।" 25 मई, 2018[68] "हमारी सरकार, पनमुनजोम घोषणा को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाएगी।" "ऐसा प्रतीत होता है कि (उत्तर कोरिया) समझौते को लागू करने का सच्चे मन से प्रयास कर रहा है और विपरमाणुकरण और शांति बनाने की कोशिश कर रहा है।" 23 मई, 2018[69] "हम शुरुआती चरण में हैं।" "अंतर-कोरियाई संबंधों को ठीक करने और लगभग 10 साल लंबे अंतराल के बाद उन्हें स्थिर तरीके से अग्रसर करने के लिए, हमने अब तक जितने प्रयास किए हैं, उससे भी बढ़कर कोशिश करनी होगी।" **मून जे-इन – राष्ट्रपति** 22 मई, 2018[70] "मैं इस बात से बहुत अच्छी तरह से वाकिफ हूं कि उत्तर कोरिया-अमेरिकी शिखर सम्मेलन की सफलता और इस बात को लेकर अमेरिका के लोग संदेह में हैं कि उत्तर कोरिया का सम्पूर्ण विपरमाणुकरण होगा या नहीं।"

“हालांकि, यदि हम अपने मन में संदेह ही रखते और पहले भी असफल रहे हैं इसलिए असफलता की अपेक्षा करते तो शायद इतिहास में कभी कोई विकास नहीं हुआ होता।”

22 मई, 2018[71]

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के दौरान राष्ट्रपति मून जे-इन ने कहा,

“ताकत के माध्यम से शांति प्राप्त करने की आपकी दृष्टिकोण के साथ-साथ आपके मजबूत नेतृत्व को धन्यवाद कि हम पहली बार अमेरिकी-उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। और हम कोरियाई प्रायद्वीप का सम्पूर्ण विपरमाणुकरण हासिल करने और पूरी दुनिया में शांति लाने के सपने की ओर खुद को एक कदम नजदीक पाते हैं।”

“आपकी वजह से यह सब संभव हुआ, श्रीमान राष्ट्रपति जी। और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि आप एक ऐसा ऐतिहासिक कारनामा करने में सक्षम होंगे जिसे कोई भी पिछले दशकों में हासिल नहीं कर पाया था।”

“मुझे यह कहना है कि कोरियाई प्रायद्वीप का भाग्य और भविष्य इस पर टिका है। और इसलिए, मैं अंत तक, आगामी अमेरिकी-उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन की सफलता का समर्थन करने और पूरे राह में आपका साथ देने का प्रयास करना नहीं छोड़ूंगा।”

“मैं इस बात से बहुत अवगत हूं कि संयुक्त राज्य अमेरिका में संशयवादी विचार व्याप रहा है कि क्या आगामी अमेरिकी-उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन वास्तव में सफल होगा या नहीं और क्या उत्तर कोरिया का सम्पूर्ण विपरमाणुकरण किया जा सकेगा।”

“लेकिन मुझे नहीं लगता कि इतिहास में कभी कोई सकारात्मक घटना हुई होती, अगर हम ये मान लेते कि क्योंकि ये पहले भी असफल रहा है, इसलिए ये दुबारा असफल ही रहेगा।”

“संयुक्त राज्य अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच पहले भी कई समझौते हुए हैं, लेकिन यह पहली बार होगा जब नेताओं के बीच कोई समझौता होगा।”

“और, इसके अलावा, जिस व्यक्ति पर इसकी जिम्मेदारी है, वो हैं राष्ट्रपति ट्रम्प। और राष्ट्रपति ट्रम्प यह नाटकीय और सकारात्मक परिवर्तन लाने में सक्षम हैं, जो आप आज देख रहे हैं। “

“और मुझे विश्वास है कि इन सब से कुछ बहुत अच्छा होने वाला है, कि यह उत्तर कोरियाई शासन की सुरक्षा की गारंटी भी देगा, साथ ही उत्तर कोरिया के लिए शांति और समृद्धि का वादा

भी करेगा।"

22 मई, 2018[72]

"आप दोनों (माइक पोम्पियो और जॉन बोल्टन) अमेरिका की सुरक्षा और विदेशी संबंधों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और दक्षिण कोरिया के लोग आपसे बड़ी आशा रखते हैं क्योंकि हम बड़े ही नाज़ुक समय में है जब दक्षिण कोरिया या कोरियाई प्रायद्वीप के भविष्य और भाग्य का फैसला होना है।"

यून यूंग-चान- प्रेस सचिव, राष्ट्रपति कार्यालय

22 मई, 2018[73]

"राष्ट्रपति मून ने कहा कि बहुत से लोग उत्तर कोरिया के बारे में नकारात्मक विचार रखते हैं कि पिछले 25 वर्षों में उत्तर कोरिया के साथ समझौता करते समय शायद उनके साथ धोखा हुआ हो, लेकिन इस तथ्य पर प्रकाश डाला जाना चाहिए कि वर्तमान में चल रही वार्ता अतीत के उन सभी वार्ताओं से पूरी तरह से अलग है, क्योंकि इसमें प्रत्यक्ष उत्तर कोरिया के सबसे बड़े नेता शामिल हैं, जो सुरक्षा गारंटी और आर्थिक विकास की मांग कर रहे हैं और इतिहास में पहली बार सम्पूर्ण विपरमाणुकरण करने की घोषणा की है।"

22 मई, 2018[74]

"(उन्होंने) विशेष रूप से अमेरिकी अधिकारियों से शिखर सम्मेलन की तैयारी शांतिपूर्वक और मन में कोई दुविधा लाए बिना जारी रखने का आग्रह किया, इस बात पर जोर देते हुए कि अध्यक्ष किम जोंग-उन निश्चित रूप से उत्तर कोरिया-अमेरिका शिखर सम्मलेन को सफलत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

"राष्ट्रपति मून ने विशेष रूप से उन्हें उत्तर कोरिया-अमेरिकी शिखर सम्मेलन की सफलता हेतु उत्तर कोरिया के साथ परामर्श जारी रखने के लिए कहा, और इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि हमारी सरकार भी आगामी उत्तर कोरिया-अमेरिकी शिखर सम्मेलन को सफलतापूर्वक आयोजित करने में मदद करने की पूरी कोशिश करेगी।"

चुंग युई-योंग- प्रमुख, राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यालय

21 मई, 2018[75]

"हम मानते हैं कि इस बात की 99.9 प्रतिशत संभावना है कि (सिंगापुर में 12 जून को निर्धारित) उत्तर कोरिया-अमेरिका शिखर सम्मेलन अपने निर्धारित समय पर होगी।"

	"लेकिन हम कई अलग-अलग संभावनाओं की तैयारी कर रहे हैं।"
चीन	**हुआ चुनयिंग- प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय** 1 जून, 2018[76] "चीन ने ध्यान दिया कि विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने हाल ही में डीपीआरके का दौरा किया है, जिसके दौरान उन्होंने अध्यक्ष किम जोंग उन के साथ मुलाक़ात की और अपने समकक्ष री योंग हो के साथ संवाद किया। डीपीआरके ने विपरमाणुकरण को लेकर अपने विचारों को दोहराया और बताया कि प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण के संबंध में उनकी इच्छा बदली नहीं है, बल्कि सुसंगत और दृढ़ बनी हुई है। रूसी पक्ष ने कहा कि यह प्रायद्वीप की शांति प्रक्रिया का समर्थन करता है और डीपीआरके और आरओके के साथ-साथ डीपीआरके और अमेरिका के बीच बातचीत का स्वागत करता है। चीन का मानना है कि डीपीआरके और रूस द्वारा भेजा गया संदेश सकारात्मक है और चीन इसका स्वागत करता है।" "रूस कोरियाई प्रायद्वीप का करीबी पड़ोसी और छह-पक्षीय वार्ता का सदस्य है। यह प्रायद्वीप की शांति और स्थिरता को बनाए रखने और राजनीतिक और कूटनीतिक माध्यम से कोरियाई प्रायद्वीप मुद्दे के निपटारे को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। चीन प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण को आगे बढ़ाने और प्रायद्वीप के मुद्दे को राजनीतिक प्रक्रिया के ज़रिए हल करनेको बढ़ावा देने में रूस की सकारात्मक भूमिका का स्वागत करता है।" "चीन डीपीआरके और रूस की ओर से द्विपक्षीय संबंधों के विकास और उच्च स्तरीय आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने का स्वागत करता है। हमारा मानना है कि यह कोरियाई प्रायद्वीप के मुद्दे की राजनीतिक समाधान प्रक्रिया को बढ़ावा देने और प्रायद्वीप और पूर्वोत्तर एशिया की शांति और स्थिरता को बनाए रखने के लिए अनुकूल है।" **लू कांग - प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय** 27 मई, 2018[77] "हमें लगता है कि उत्तर कोरिया और अमेरिका के नेताओं का आपस में आमना-सामना होना और संवाद समस्याओं को हल करने की कुंजी है।" "हम उम्मीद करते हैं कि उत्तर और अमेरिका दोनों धैर्य और सद्भाव दिखाएंगे, जो कि समस्याओं को हल करने और कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर ध्यान देंगे।"

	"चीन उत्तर कोरिया-अमेरिकी की मेजबानी का अटूट समर्थन करता है।" 25 मई, 2018[78] "चीन ने कोरियाई प्रायद्वीप के मुद्दे पर हमेशा सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका निभाई है, जिसमें किसी भी तरह का कोई भी गलत मकसद नहीं छिपा है। चीन प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण, प्रायद्वीप की शांति और स्थिरता को बनाए रखने और बातचीत और समझौते के माध्यम से प्रायद्वीप के मुद्दे को हल करने के लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है। यह चीज कभी नहीं बदली है। हमने 10 साल पहले यहीं कहा था और आज तक यहीं कहते आ रहे हैं; हमने अमेरिका के नेता के साथ-साथ डीपीआरके के नेता से भी यहीं कहा था। साथ ही, संवाद के माध्यम से प्रायद्वीप के परमाणु मुद्दे के राजनीतिक समाधान के लिए आवश्यक है कि सभी संबंधित पक्ष, विशेष रूप से सीधे संबंधित पक्ष, आगे बढ़कर एक-दूसरे के साथ मुलाक़ात करें और एक-दूसरे को अपनी सद्भावना जताएं। प्रासंगिक पक्ष इस बारे में सोचेंगे कि वे इस संबंध में क्या कर रहे हैं।" "दूसरा, कि क्या प्रायद्वीप के परमाणु मुद्दे पर एक अधिक प्रमुख भूमिका निभाकर चीन अन्य मुद्दों पर अपना हाथ मजबूत करने में सक्षम होगा, मैं कहूंगा कि इतना कुछ सोचने की कोई आवश्यकता नहीं है। प्रायद्वीप के परमाणु मुद्दे पर चीन का रुख अपरिवर्तित बना हुआ है और अमेरिका के साथ इसके व्यापार संबंधों पर इसका रुख भी स्पष्ट और खुला है। हमारा मानना है कि चीन-अमेरिका व्यापार संबंध मूल रूप से लाभकारी हैं, और उम्मीद है कि अमेरिकी नेता और सरकार वैश्विक आर्थिक विकास और अमेरिकी उपभोक्ताओं और व्यापारिक समुदाय के हितों को ध्यान में रखते हुए हमारे व्यापार संबंधों में मतभेद और समस्याओं को सुलझाने के साझा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए चीन के साथ मिलकर काम करेगी। यह दोनों पक्षों और बड़े पैमाने पर विश्व के हित में है।" "अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का एक महत्वपूर्ण सदस्य है। हम निश्चित रूप से उम्मीद करते हैं कि अमेरिकी सरकार बहुसंख्यक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करे, बहुपक्षवाद का साथ दे और बहुपक्षीय ढांचे के अंतर्गत राजनीतिक और कूटनीतिक माध्यम से मुद्दों को हल करे। और आपके द्वारा उल्लिखित विशिष्ट मुद्दों के लिए, चाहे वह कोरियाई प्रायद्वीप परमाणु मुद्दा हो, ईरानी परमाणु मुद्दा हो, या वैश्विक व्यापार मुद्दा हो, जिसमें चीन-अमेरिका संबंधों की कुछ ठोस समस्याएं भी शामिल हैं, उन पर चीन का रुख काफी स्पष्ट है। हम ये मानते हैं कि चीन-अमेरिका संबंधों को आपसी विश्वास, समानता, पारस्परिक लाभ और दोनों के हित के लिए सहयोग के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा, और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत किया जाएगा। हमें यह भी उम्मीद है कि अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के अन्य सदस्य इस सिद्धांत को अपनाएंगे और एक नए प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय संबंध बनाने के लिए

	प्रतिबद्ध होंगे।" 24 मई, 2018[79] "हम आशा करते हैं कि अमेरिका और डीपीआरके इस समय अपने शिखर सम्मेलन की सफलता को सक्षम बनाने और सकारात्मक परिणामों को सुनिश्चित करने के इस दुर्लभ अवसर का पूर्ण लाभ उठाएंगे। जैसा कि आपने सवाल किया कि क्या डीपीआरके वास्तव में अपने परमाणु हथियारों को त्याग देगा या नहीं, मेरा मानना है कि आप सभी ने देखा होगा कि हाल ही में, कोरिया के 7 वें केंद्रीय समिति के वर्कर्स पार्टी के तीसरे पूर्ण सत्र द्वारा लिए गए दोनों प्रमुख रणनीतिक निर्णय और डीपीआरके के सर्वोच्च नेता और वरिष्ठ अधिकारियों ने जो नीति की घोषणा की है, उससे स्पष्ट रूप से संकेत मिलता है कि डीपीआरके कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध होगा और इस संबंध में अमेरिका के साथ बातचीत और समझौते के लिए अपनी तत्परता भी दिखाता है। मैं यह दोहराना चाहूंगा कि हम आशा करते है कि ये सम्मेलन जल्द से जल्द होगी और इसके अच्छे नतीजे भी आएँगे। " 23 मई, 2018[80] "चीन प्रत्यक्ष संवादों के माध्यम से आपसी विश्वास को बढ़ाने और कोरियाई प्रायद्वीप के मुद्दे को राजनीतिक रूप से हल करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिका और डीपीआरके के प्रयासों को प्रोत्साहित और समर्थन करता रहा है। आप सभी ने देखा होगा कि अमेरिका और डीपीआरके दोनों मुलाक़ात की तैयारियों में जुटे हैं। हम आशा करते हैं कि दोनों पक्ष इस अवसर का लाभ उठाएंगे, बातचीत जारी रखेंगे, एक दूसरे से मिलेंगे, कोई रुकावट नहीं आने देंगे और अपनी मुलाक़ात को सार्थक बनाने की कोशिश करेंगे। इसमें चीन अपनी भूमिका निभाने के लिए कटिबद्ध है।" **वांग यी- राज्य पार्षद और विदेश मंत्री** 23 मई, 2018[81] "कोरियाई परमाणु मुद्दा, जिस पर मुख्य ध्यान दिया जा रहा है, इस बारे में हमने विचारों का भी आदान-प्रदान किया। मैंने परिस्थिति के हाल के घटनाक्रमों के बारे में सचिव महोदय का विश्लेषण और उनका दृष्टिकोण भी सुना। मैं आपको बताना चाहता हूं कि, सबसे पहले, चीन कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। यह रुख नहीं बदलेगी। साथ ही, हम मानते हैं कि विपरमाणुकरण की प्रक्रिया या लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, उचित समय पर डीपीआरके की वैध सुरक्षा चिंताओं को संबोधित करना आवश्यक है, और विपरमाणुकरण को सार्थक बनाने के साथ-साथ कोरियाई प्रायद्वीप पर एक दीर्घकालिक और

	प्रभावी शांति तंत्र स्थापित करना भी महत्वपूर्ण है।" "और दूसरा, चीन संयुक्त राज्य अमेरिका और डीपीआरके के नेताओं के बीच मुलाक़ात का दृढ़ता से समर्थन करता है। कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु मुद्दे को संबोधित करने के लिए नेताओं के बीच सीधा और - संपर्क और संवाद महत्वपूर्ण है। हम ये मुलाक़ात निर्धारित समय पर होते हुए और इसे सफल होते हुए देखने की अपेक्षा करते हैं। हम मानते हैं कि राष्ट्रपति ट्रम्प और अध्यक्ष किम जोंग-उन पूरी तरह से सक्षम हैं और उनके पास सही निर्णय लेने और कोरियाई प्रायद्वीप में शांति लाने और दुनिया को अच्छी सुनाने की बुद्धिमता रखते हैं।" "और तीसरा, चीन अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्व का दृढ़ता से सम्मान करता है। हम डीपीआरके पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को पूरी तरह और सख्ती से लागू करना जारी रखेंगे और कोरियाई प्रायद्वीप की शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए काम करना जारी रखेंगे।"
रूस	**व्लादिमीर पुतिन – राष्ट्रपति** 6 जून, 2018[82] "मुझे उम्मीद है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन के साथ व्यक्तिगत मुलाक़ात करने का साहसी और परिपक्व निर्णय लिया है... कि मुलाक़ात होगी, हम सभी को इसके सकारात्मक परिणाम आने का इंतज़ार रहेगा।" "हम देख सकते हैं कि उत्तर कोरियाई नेता ने तनाव को कम करने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाया है, जो स्पष्ट रूप से मुझे आश्चर्यचकित करता है। सबसे पहले, उन्होंने परमाणु परीक्षणों को स्थगित करने की घोषणा की। इसके अलावा, उन्होंने अपने सबसे बड़े परमाणु परीक्षण स्थलों को नष्ट कर दिया। ये निस्संदेह विपरमाणुकरण की दिशा में उठाए गए प्रायोगिक कदम थे।" "मैं उत्तर कोरियाई अधिकारियों की बात समझ सकता हूं जब वे कहते हैं कि सम्पूर्ण विपरमाणुकरण के लिए पक्के तौर पर सुरक्षा गारंटी की ज़रूरत है। इसके अलावा किसी और चीज की संभावना नहीं है, विशेष रूप से लीबिया और इराक में हुई दुखद घटनाओं के सन्दर्भ में। उत्तर कोरिया को यह सब स्पष्ट रूप से याद होगा इसलिए वे ये स्वाभाविक है कि वे गारंटी की मांग करेंगे।" "इस समय यह कहना मुश्किल है कि ये गारंटी कैसा रूप लेगी और यह सब लागू करने में कितना समय लगेगा।" "हालांकि, यह कहना संभव है - और यह कहा जाना चाहिए - कि इस मार्ग पर आगे बढ़ने की

आवश्यकता है जिससे तनाव कम होगा और विपरमाणुकरण में आसानी होगी।”

“कोरियाई प्रायद्वीप की बात की जाए तो, जैसा कि राजनयिक कहते हैं, हमारा रुख करीब या समान है। सही में, समान है।”

“हमने कोरियाई प्रायद्वीप की परिस्थिति को हल करने के लिए तथाकथित रोड मैप बनाने की शुरुआत की। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए चीन ने हाल ही में बहुत कुछ किया है, ताकि तनाव थोड़ा कम हो जाए। हम इसे देखकर प्रसन्न हैं और हर संभव तरीके से इसका समर्थन करना जारी रखेंगे। इसका मतलब ये कि अगले चरण में तनाव को कम करने में शामिल सभी देशों के बीच संबंधों को बढ़ाया जाना चाहिए।”

4 जून, 2018[83]

“मैं इसके बारे में (उत्तर कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक परमाणु युद्ध) सोचना भी नहीं चाहता। हम इसके ख्याल से ही डरते हैं। अगर कोई ऐसा व्यक्ति है जो इसमें दिलचस्पी नहीं रखता है, तो वो हम हैं। उत्तर कोरिया हमारा पड़ोसी देश है। उत्तर कोरिया में नष्ट किया गया परीक्षण स्थल, अगर मैं गलत नहीं हूँ तो रूस की सीमा से 190 किलोमीटर दूर स्थित है। यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और हम कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव कम करने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेंगे।”

आर्टियोम कोज़िन - उप निदेशक, सूचना और प्रेस विभाग, विदेश मंत्रालय

1 जून, 2018[84]

“हमने एक मीडिया रिपोर्ट में देखा कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक प्रतिनिधि ने उस धमकी पर अमेरिका के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय, रूस को कोरिया के मामलों में वाशिंगटन का सहयोग करने की सलाह दी। यदि यह टिप्पणी वास्तव में अमेरिकी विदेश नीति अभिकरणों का रुख दर्शाती है, तो इससे सिर्फ आश्चर्य ही होगा।”

“31 मई को विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के लोकतांत्रित लोक गणराज्य कोरियाई के दौरे और राज्य मामलों के आयोग के अध्यक्ष किम जोंग-उन और विदेश मंत्री री योंग-हो के साथ उनकी बैठक के दौरान, रूसी पक्ष ने द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के प्रति प्योंगयांग और वाशिंगटन के प्रयासों का समर्थन किया और उत्तर कोरिया-अमेरिकी शिखर सम्मेलन की सफलता की आशा व्यक्त की। इसके अलावा, रूस और चीन ने दोनों कोरियाई राज्यों के बीच समझौते के लिए जो रोडमैप प्रस्तावित किया है, उसमें उत्तर कोरिया-अमेरिका के बीच सीधी बातचीत होना उल्लिखित है।”

	"यह स्पष्ट है कि अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच सामंजस्य बिठाने की प्रक्रिया और शत्रुता और अविश्वास को त्यागने का निर्णय, जिसके बिना किसी भी स्थायी समझौते तक पहुंचना असंभव होगा, में लंबा समय लगेगा और एक दूसरे की ओर अच्छी तरह से सोच-समझकर कदम बढ़ाने की आवश्यकता होगी"। इसलिए हम [पक्षों] को बेकार में ऊंची आशा लगाने और असंभव मांग रखने से बचने की सलाह देते हैं, जो संवाद प्रक्रिया को समाप्त कर सकती है। हमें उम्मीद है कि एक समझदार दृष्टिकोण बनाया जाएगा और वॉशिंगटन समझौता करने की शुरुआत करेगा जिसका लक्ष्य पूर्वोत्तर एशिया में दीर्घकालिक शांति स्थापित करना होगा।" **दिमित्री पेसकोव- प्रवक्ता, क्रेमलिन** 1 जून, 2018[85] उत्तर कोरिया के कोरियाई केन्द्रीय समाचार एजेंसी (कीसीएनए) की एक रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए कि इस साल उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच एक बैठक आयोजित करने की सहमति हुई है, क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा, "हां, वास्तव में, यह बैठक हो सकती है, राजनयिक माध्यमों से इसकी रूपरेखा और समय तय की जाएगी।" **लावरोव- विदेश मंत्री** 31 मई, 2018[86] "हम उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच और उत्तर कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच संपर्कों का स्वागत करते हैं, जो पिछले कुछ महीनों में तेजी से विकसित हो रहे हैं, साथ ही प्योंगयांग-सियोल शिखर सम्मेलन और उत्तर कोरिया के नेताओं के बीच योजनाबद्ध शिखर सम्मेलन। और संयुक्त राज्य अमेरिका। हम ये संपर्क बनाने के प्रति अपनी विवेकपूर्ण दृष्टिकोण को अपनाने और कोई जल्दबाजी में कोई कदम ना उठाने और इस प्रक्रिया को जल्दबाजी में करने की कोशिश ना करने को बहुत महत्व देते हैं, जिसके लिए पॅकेज निर्णय के सभी तत्वों पर ध्यानपूर्वक विचार और समन्वय करने की आवश्यकता है। इससे हम न केवल कोरियाई प्रायद्वीप को विपरमाणुकृत कर सकेंगे, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर एशिया में स्थायी शांति और स्थिरता ला सकेंगे।" "इसमें शामिल सभी देशों से हम इस नाजुक प्रक्रिया को पटरी से उतरने से बचाने के लिए अपनी जिम्मेदारी को ध्यान में रखने का आग्रह करते हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में, छह-पक्षीय वार्ता का एक भागीदार और उत्तर कोरिया का एक अच्छा पड़ोसी, रूस इन

	प्रयासों में योगदान करने के लिए तैयार है। हमारे उत्तर कोरियाई दोस्त इस रवैये का स्वागत करते हैं।" "हमने कुछ कदमों पर चर्चा की, जो इस दिशा में उठाए जा सकते हैं, जिसमें दोनों कोरियाई राज्यों और रूस के रेलवे नेटवर्क को जोड़ने और गैस पाइपलाइन बनाने और ऊर्जा परियोजनाओं के लिए पुरानी त्रिपक्षीय परियोजनाएं शुरू करना शामिल है। उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के नेताओं ने पनमुनजोम में बैठक में रेलवे प्रणालियों को फिर से जोड़ने की जो इच्छा व्यक्त की थी, उसने इन त्रिपक्षीय सहयोग पहलों को एक नव जीवन प्रदान किया है।" "मैं एक बार फिर कहना चाहूंगा कि रूस और उत्तर कोरिया, वर्तमान विकसित संपर्कों और दोनों कोरियाई राज्यों और उत्तर कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच संबंधों के नव सामान्यीकरण पर बेहद सावधान रवैया रखने और एक ही बार में सब कुछ मांगने के प्रलोभन से बचने की आवश्यकता पर एक आम दृष्टिकोण रखते हैं। हम जानते हैं कि यह एक अत्यंत जटिल समस्या है और यह कि विपरमाणुकरण का लक्ष्य अविभाज्य रूप से पूर्वोत्तर एशिया की शांति, स्थिरता और पारस्परिक क्रिया प्रणाली, सहयोग और समान और अविभाज्य सुरक्षा के साथ जुड़ा हुआ है।" 31 मई, 2018[87] "प्रतिबंधों के बारे में कहा जाए तो, यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि कोरियाई प्रायद्वीप की परमाणु समस्या को हल करने के बारे में इस चर्चा को शुरू करते हुए, हम मानते हैं कि प्रतिबंधों को हटाए जाने तक यह पूर्ण नहीं हो सकता है।" "लेकिन इसे कैसे आगे बढ़ाना है, ये वार्ताकारों की कला पर निर्भर करता है। लेकिन यह एक ही बार में नहीं किया जा सकता है।" "एक ही बार में विपरमाणुकरण सुनिश्चित करना असंभव है, इसलिए निश्चित रूप से इसके कुछ चरण होने चाहिए और प्रत्येक चरण में कुछ ना कुछ किया जाना चाहिए।"
जापान	**व्लादिमीर पुतिन- राष्ट्रपति** 25 मई, 2018[88] "हम मानते हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच किसी भी स्तर पर सीधी बातचीत, और उससे भी बढ़कर , उच्चतम स्तर की वार्ता अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन वार्ता के बिना कोरियाई प्रायद्वीप के विपरमाणुकरण की गाँठदार मुद्दे को हल कर पाने की संभावना नहीं है।"

	"मेरे हिसाब से, उत्तर कोरिया के सम्पूर्ण विपरमाणुकरण के बारे में बात करने के लिए उत्तर कोरिया को संप्रभुता और अनुल्लंघनीयता की गारंटी दी जानी चाहिए। ये गारंटियां अपने भविष्य के बारे में निर्णय लेने के अवसर की गारंटी हैं।" 24 मई, 2018[89] "हम, रूस के लोगों को ये खबर (किम जोंग-उन के साथ बैठक को रद्द करने के बारे में ट्रम्प की घोषणा) सुनकर बड़ा अफसोस हुआ, क्योंकि हम सभी को उम्मीद थी कि कोरियाई प्रायद्वीप के तनाव को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जाएगा, और यह कि ये पूरे कोरियाई प्रायद्वीप में विपरमाणुकरण की प्रक्रिया शुरू करेगी।" "हम आशा करते हैं कि एक संवाद फिर से शुरू होगा, जारी रहेगा, और एक मुलाक़ात होगी। इस मुलाक़ात के बिना हम एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे, न केवल एक क्षेत्रीय मुद्दा बल्कि वैश्विक मुद्दों के समझौते में बड़ी प्रगति की उम्मीद नहीं कर सकते हैं। हम अमेरिका और उत्तर कोरिया के रुख को करीब लाने के लिए मिलकर काम करेंगे।" **दिमित्री पेसकोव- प्रवक्ता**, **क्रेमलिन** 24 मई, 2018[90] "हम उम्मीद करेंगे [एक सकारात्मक परिणाम आने की] । आप जानते हैं कि [रूस] रूसी और उत्तर कोरियाई प्रतिनिधियों के बीच संपर्क बनाने की योजना बना रहा है, और कूटनीतिक स्तर पर ऐसा होने की उम्मीद है।" "हम बेहतर के लिए उम्मीद करेंगे: कि हम [समझौते के] इस आवेग को बरक़रार रखेंगे।" "मास्को का एक सुसंगत, जाना-माना रुख रहा है।" "हम चाहते हैं कि ये देश कोई भी ऐसा कदम उठाने से बचें जिससे प्रायद्वीप में तनाव बढ़ सकता है।" "और, इसके अलावा, हम समझौते के उस नाजुक प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने के खिलाफ हैं जो अभी-अभी सामने आई है।" "निश्चित रूप से, हम नहीं चाहेंगे कि इसे कोई नुकसान हो।" **मारिया ज़खरोवा- प्रवक्ता**, **विदेश मंत्री**

	23 मई, 2018[91] "मैंने उन सभी बयानों और सुर्खियों को देखा कि अमेरिका ने उत्तर कोरिया को लीबिया के परिदृश्य की धमकी दी थी। मैं अमेरिकी विशेषज्ञ समुदाय से कई सवाल पूछना चाहता हूँ। मुझे लगता है कि आप भी पूछना चाहते हैं। "लीबिया के परिदृश्य" से किसे अधिक नुकसान पहुँचा था? मुअम्मर गद्दाफी मर चुका है। लीबिया के लोगों को? हाँ। लेकिन अगर हम पश्चिमी दुनिया के बारे में बात करें, तो क्या इसने भी बहुत कुछ नहीं सहा है? इसका शिकार हुआ पहला देश है इटली, जिसे "लीबिया के परिदृश्य" की समस्या को सुलझाने के लिए ना जाने और कितने वर्षों तक और ना जाने कितने और अंतर्राष्ट्रीय फोरम आयोजित करने होंगे। वास्तव में, "लीबिया के परिदृश्य" की धमकी देकर उत्तर कोरिया को धमकाते समय, अमेरिका केवल प्योंगयांग को ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र को धमकी दे रहा है।" **शिंजो अबे- प्रधानमंत्री** 7 जून, 2018[92] "मैं सीधे उत्तर कोरिया का सामना करना और उनके साथ बात करना चाहता हूं ताकि अपहरण की समस्या का जल्द समाधान हो। इसके लिए, मैं हर संभव प्रयास करने के लिए तैयार हूं।" "जापान के नागरिकों की ओर से, मैं राष्ट्रपति ट्रम्प और संयुक्त राज्य अमेरिका के लोगों को अपहरण के मुद्दे को समझने और इसके समाधान की दिशा में समर्थन प्रदान करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।" "जापान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए लगातार आवाज़ उठाता रहेगा। अपहरण, परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों के विस्तृत समाधान करने और पूर्वोत्तर एशिया में असली शांति लाने के लिए जापान की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जापान को इसी की उम्मीद है।" "अब, एक बड़ा कदम उठाया जाने वाला है। डोनाल्ड, राष्ट्रपति ट्रम्प, आप एक नया इतिहास रचने वाले हैं। न केवल जापान, बल्कि पूरा अंतरराष्ट्रीय समुदाय दृढ़ता से संयुक्त राज्य अमेरिका-उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन को लेकर आशावादी बना हुआ है जो पूर्वोत्तर एशिया की शांति और स्थिरता का मार्ग खोल देगा। " "उत्तर कोरिया समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों से भरा है। उत्तर कोरिया में मेहनती कार्यबल हैं। अगर उत्तर कोरिया सही दिशा की ओर कदम उठाने को तैयार है, तो उत्तर कोरिया अपने लिए उज्ज्वल भविष्य देख सकता है। जापान, जापान-उत्तर कोरिया प्योंगयांग घोषणा के आधार पर, दुर्भाग्यपूर्ण अतीत को सुलझाने, हमारे राजनयिक संबंधों को सामान्य करने और आर्थिक

	सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है। जापान अधिक से अधिक भूमिका निभाने की इच्छा रखता है। डोनाल्ड, मैं विश्व शांति और समृद्धि के लिए आपकी मजबूत प्रतिबद्धता को बहुत महत्व देता हूं।" "अपहरण के मुद्दे पर, हमें इस समस्या को हल करना होगा। अबे जी के प्रशासन में, इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। और अगर उस संकल्प में कोई योगदान होता है, अगर बातचीत से अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच या जापान और उत्तर कोरिया के बीच की समस्या के समाधान का रास्ता मिलता है, तो अपहरण के मुद्दे पर हम जो बैठक करना चाहते हैं, उसके अंतिम विश्लेषण में अध्यक्ष किम जोंग उन और मेरे, जापान और उत्तर कोरिया के बीच की समस्या को सुलझाना होगा। बेशक, जापान के लिए, मिसाइल का मुद्दा और परमाणु का मुद्दा बहुत महत्वपूर्ण है।" "परमाणु के मुद्दे, मिसाइल के मुद्दे, इन मुद्दों के बारे में, अमेरिका और उत्तर कोरिया की शिखर सम्मेलन में - पहली और महत्वपूर्ण बात ये है कि मैं इसकी प्रगति के लिए आशान्वित हूं। और फिर, अपहरण के मुद्दे पर, हम संपर्क करेंगे - हम अमेरिकी और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ सहयोग करेंगे। और जापान को, हमें, अंतिम विश्लेषण में उत्तर कोरिया के साथ सीधी बातचीत करनी चाहिए। मैं इस बारे में दृढ़-निश्चित हूं।" **टेरो कोनो- विदेश मंत्री** 5 जून, 2018[93] "अमेरिका-उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन की अगुवाई में, मैं जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच अतिरिक्त आवश्यक मामलों की पुष्टि करना चाहता हूं; इसके अलावा, शिखर सम्मेलन से पहले किए जाने वाले आवश्यक कार्यों को उचित प्रकार से निष्पादित करने के लिए मैं अमेरिका जाने का इरादा रखता हूं।" "जापान ने अमेरिका से कहा है कि अगर परमाणु और मिसाइल के मुद्दों और अपहरणों के मुद्दों का एक विस्तृत समाधान हो सकता है, तो जापान राजनयिक संबंधों को सामान्य करने के लिए तैयार है और उस मामले में जापान उत्तर कोरिया को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।" 29 मई, 2018[94] "मुझे नहीं लगता कि सामने आने वाले प्रत्येक और हर घटनाक्रम से उत्तेजित हो जाना सही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के दृष्टिकोण से, जो चीज महत्वपूर्ण है, वो ये है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अपनी एकजुटता बनाए रखे और उत्तर कोरिया पर दबाव डालता रहे। इसलिए, भले ही शिखर

	सम्मेलन आयोजित की जाए या नहीं, या शिखर सम्मेलन संभावित रूप से आयोजित होने के बाद भी, उत्तर कोरिया पर प्रबल दबाव बनाए रखना महत्वपूर्ण है, जब तक कि यह सम्पूर्ण, सत्यापनीय और अपरिवर्तनीय विपरमाणुकरण हासिल नहीं करता। यह पुष्टि करना आवश्यक है कि यह एक ऐसा मामला नहीं है जो सामने आने वाले प्रत्येक और हर घटनाक्रम द्वारा प्रभावित होगा।"

** डॉ जोजिन वी. जॉन, रिसर्च फेलो, इंडियन काउंसिल ऑफ़ वर्ल्ड अफेयर्स, नई दिल्ली।*

अस्वीकरण: इसमें व्यक्त किया गया दृष्टिकोण अनुसन्धानकर्ता का दृष्टिकोण है और ना कि परिषद का।

[1] "किम जोंग उन सिंगापुर के लिए रवाना हुए", केसीएनए, जून 10, 2018, kcna.kp/kcna.user.special.getArticlePage.kcmsf

[2] "उत्तर-दक्षिण की उच्च स्तरीय वार्ता आयोजित हुई", केसीएनए, जून 1, 2018, kcna.kp/kcna.user.article.retrieveNewsViewInfoList.kcmsf#this

[3] "किम जोंग उन को रूसी एफएम मिला", केसीएनए, जून 1, 2018, kcna.kp/kcna.user.special.getArticlePage.kcmsf

[4] "किम जोंग उन: उत्तर कोरिया अमेरिका के प्रभुत्व के विरोध में रूस के रुख को अत्यंत महत्व देता है", टीएएसएस, मई 31, 2018, http://tass.com/world/1007387

[5] "उत्तर कोरिया विपरमाणुकरण के लिए अपनी समय-सारणी का पालन करेगा", द योनहैप न्यूज़, मई 28, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/28/5/0401000000AEN20180528008500315F.html

[6] "अमेरिकी मीडिया को भ्रामक जनमत बनाने के खिलाफ चेतावनी दी गई", केसीएनए, मई 27, 2018, kcna.kp/kcna.user.article.retrieveNewsViewInfoList.kcmsf#this

[7] "किम जोंग उन ने मून जे इन से दुबारा मुलाक़ात की", केसीएनए, मई 27, 2018, kcna.kp/kcna.user.special.getArticlePage.kcmsf

[8] "डीपीआरके के उत्तरी परमाणु परीक्षण मैदान को नष्ट किया गया", केसीएनए, मई 25, 2018, www.kcna.kp

[9] "डीपीआरके के प्रथम उप विदेश मंत्री का बयान", केसीएनए, मई 25, 2018, www.kcna.kp

[10] "उत्तर कोरिया ने परमाणु परीक्षण स्थल को ध्वस्त किया", द योनहैप न्यूज़, मई 24, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/24/0401000000AEN20180524001855315.html

[11] "डीपीआरके के प्रथम उप विदेश मंत्री का बयान", केसीएनए, मई 24, 2018, www.kcna.kp

[12] "बाहरी लोगों पर निर्भरता ने देश को बर्बाद किया: रोडोंग सिनमुन", केसीएनए, मई 21, 2018, www.kcna.kp

[13] डोनाल्ड ट्रम्प, ट्विटर, जून 10, 2018, https://twitter.com/realDonaldTrump/status/1005554692133249026

[14] "जी7 शिखर सम्मेलन के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प का प्रेस कांफ्रेंस", द वाइट हाउस, जून 9, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/press-conference-president-trump-g7-summit/

[15] "संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में राष्ट्रपति ट्रम्प और जापान के प्रधान मंत्री अबे का संबोधन", द वाइट हाउस, जून 7, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-president-trump-prime-minister-abe-japan-joint-press-conference-2/

[16] "द्विपक्षीय बैठक से पहले राष्ट्रपति ट्रम्प और जापान के प्रधान मंत्री अबे का संबोधन", द वाइट हाउस, जून 7, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-president-trump-prime-minister-abe-japan-bilateral-meeting-3/

[17] "फीनिक्स टीवीशेयर के बिन्ग्रु वांग का साक्षात्कार", अमेरिकी विदेश विभाग, जून 7, 2018, https://www.state.gov/secretary/remarks/2018/06/283081.htm

[18] "वाईटीएन कोरिया के हीजुन किम का साक्षात्कार", अमेरिकी विदेश विभाग, जून 7, 2018, https://www.state.gov/secretary/remarks/2018/06/283082.htm

[19] "एनएचके के हिडेकी युई का साक्षात्कार", अमेरिकी विदेश विभाग, जून 7, 2018, https://www.state.gov/secretary/remarks/2018/06/283080.htm

[20] "द वाइट हाउस में प्रेस ब्रीफिंग", विदेश विभाग, जून 7, 2018, https://www.state.gov/secretary/remarks/2018/06/283059.htm

[21] डोनाल्ड ट्रम्प, ट्विटर, जून 5, 2018, https://twitter.com/realDonaldTrump/status/1003963157734453249

[22] "प्रेस सचीव सैराह सैंडर्स की प्रेस ब्रीफिंग", वाइट हाउस, जून 4, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/press-briefing-press-secretary-sarah-sanders-060418/

[23] "2018 के पूर्ण सत्र शांग्री-ला वार्ता में सचिव मैटिस का संबोधन", अमेरिकी रक्षा विभाग, जून 2, 2018, https://www.defense.gov/News/Transcripts/Transcript-View/Article/1538599/remarks-by-secretary-mattis-at-plenary-session-of-the-2018-shangri-la-dialogue/

[24] "2018 के पूर्ण सत्र शांग्री मैटिस सचिव में वार्ता ला-का संबोधन", रक्षा विभाग, जून 2, 2018, https://www.defense.gov/News/Transcripts/Transcript-View/Article/1538599/remarks-by-secretary-mattis-at-plenary-session-of-the-2018-shangri-la-dialogue/

[25] "जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य कोरिया के उपाध्यक्ष किम योंग चोल के साथ बैठक के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प का संबोधन", द वाइट हाउस, जून 1, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-president-trump-meeting-vice-chairman-kim-yong-chol-democratic-peoples-republic-korea/

[26] डोनाल्ड ट्रम्प, ट्विटर, मई 31, 2018, https://twitter.com/realDonaldTrump/status/1002176736761655298

[27] "प्रेस उपलब्धता में संबोधन", अमेरिकी विदेश विभाग, मई 31, 2018, https://www.state.gov/secretary/remarks/2018/05/282892.htm

[28] माइक पोम्पियो, ट्विटर, मई 31, 2018, https://twitter.com/secpompeo/status/1002219728788652032

[29] "ट्रम्प: उत्तर कोरिया के प्रतिनिधि शुक्रवार को किम का पत्र लाएंगे", द योनहैप न्यूज़, जून 1, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/31/0401000000AEN20180531011054315.html

[30] माइक पोम्पियो, ट्विटर, मई 30, 2018, https://twitter.com/secpompeo/status/1001945345809674240
[31] "प्रेस सचीव सैराह सैंडर्स की प्रेस ब्रीफिंग", द वाइट हाउस, मई 30, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/press-briefing-press-secretary-sarah-sanders-053018/
[32] डोनाल्ड ट्रम्प, ट्विटर, मई 29, 2018, https://twitter.com/realDonaldTrump/status/1001410457092218880

[33] "पोम्पियो, उत्तर कोरियाई अधिकारी के साथ न्यू यॉर्क में मुलाक़ात करेंगे: वाइट हाउस", द योनहैप न्यूज़, मई 30, 2019, english.yonhapnews.co.kr/news/2018/05/30/0200000000AEN20180530000353315.html?input=rss
[34] डोनाल्ड ट्रम्प, ट्विटर, मई 27, 2018, https://twitter.com/realDonaldTrump/status/1000831304836018176
[35] "अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर कोरिया के अधिकारियों के साथ अंतर-कोरियाई सीमा पर बातचीत की : विदेश विभाग", द योनहैप न्यूज़, मई 28, 2018, english.yonhapnews.co.kr/news/2018/05/28/0200000000AEN20180528000200315.html
[36] डोनाल्ड ट्रम्प, ट्विटर, मई 25, 2018, https://twitter.com/realDonaldTrump/status/1000174070061813761

[37] "ट्रम्प ने कहा उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन अब भी 12 जून को सकती है", द योनहैप न्यूज़, मई 25, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/25/0401000000AEN20180525012151315.html
[38] "ट्रम्प ने कहा उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन अब भी 12 जून को सकती है", द योनहैप न्यूज़, मई 26, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/25/0401000000AEN20180525012153315.html
[39] "ट्रम्प ने कहा उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन अब भी है सकती को जून 12", द योनहैप न्यूज़, मई 26, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/25/0401000000AEN20180525012154315.html

[40] "वाइट हाउस: उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन की तैयारियों की मुलाक़ात में नहीं आया", द योनहैप न्यूज़, मई 25, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/25/0401000000AEN20180525001000315.html
[41] "एस. 2155, आर्थिक वृद्धि, विनियामक राहत, और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के हस्ताक्षर समारोह में राष्ट्रपति ट्रम्प का संबोधन", द वाइट हाउस, मई 24, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-president-trump-signing-s-2155-economic-growth-regulatory-relief-consumer-protection-act/
[42] "अध्यक्ष किम जोंग उन को पत्र", द वाइट हाउस, मई 24, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/letter-chairman-kim-jong-un/

[43] "ट्रम्प ने कहा उत्तर कोरिया का 'चरण-दर-चरण' विपरमाणुकरण आवश्यक", द योनहैप न्यूज़, मई 24, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/24/0401000000AEN20180524011200315.html
[44] "मरीन वन के प्रस्थान से पहले राष्ट्रपति ट्रम्प का संबोधन", द वाइट हाउस, मई 23, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-president-trump-marine-one-departure-7/
[45] "प्रेस उपलब्धता पर चीनी विदेश मंत्री तथा राज्य पार्षद वांग यी के साथ संबोधन", विदेश विभाग, मई 23, 2018, https://www.state.gov/secretary/remarks/2018/05/282469.htm

[46] "अमेरिकी राजनय का प्रबलन: विदेश विभाग बजट, परिचालनों, नीति प्राथमिकताओं की पुनरीक्षा", विदेश विभाग, मई 23, 2018, https://www.state.gov/secretary/remarks/2018/05/282426.htm
[47] "प्रेस उपलब्धता में संबोधन", विदेश विभाग, मई 22, 2018, https://www.state.gov/secretary/remarks/2018/05/282389.htm

[48] "द्विपक्षीय बैठक से पहले राष्ट्रपति ट्रम्प और कोरियाई गणराज्य के राष्ट्रपति मून का संबोधन", वाइट हाउस, मई 22, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-president-trump-president-moon-republic-korea-bilateral-meeting-2/

[49] "पेंस: 'कोई सवाल नहीं' अगर उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन असफल रहती है, तो ट्रम्प अबी भी 'पीछे हटने' के लिए तैयार हैं", फॉक्स न्यूज़, मई 21, 2018, insider.foxnews.com/2018/05/21/mike-pence-north-korea-meeting-donald-trump-and-kim-jong-un; "Pence: North Korea must commit to denuclearization", Fox News, May 23, 2018, video.foxnews.com/v/5788960446001/?#sp=show-clips

[50] डोनाल्ड ट्रम्प, ट्विटर, मई 21, 2018, https://twitter.com/realDonaldTrump/status/998528928259170305

[51] "समझौते के बाद: ईरान की एक नई रणनीति", विदेश विभाग, मई 21, 2018, https://www.state.gov/secretary/remarks/2018/05/282301.htm

[52] "ट्रम्प अब भी किम के साथ मुलाक़ात की योजना में: म्नुचिन", द योनहैप न्यूज़, मई 21, 2018, english.yonhapnews.co.kr/news/2018/05/22/0200000000AEN20180522000300315.html

[53] "उत्तर कोरिया के रक्षा प्रमुख ने कहा उत्तर कोरिया बदल चुका है", द योनहैप न्यूज़, जून 2, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/06/02/0401000000AEN20180602003600315.html

[54] "सियोल ट्रम्प-किम शिखर सम्मेलन के पुनर्जीवन का स्वागत करता है", द योनहैप न्यूज़, जून 2, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/06/02/0401000000AEN20180602001700315.html

[55] "मून ने विपरमाणुकरण के बाद अंतर-कोरियाई सहयोग के समर्थन में आवाज़ उठाई", द योनहैप न्यूज़, मई 31, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/31/0401000000AEN20180531007651315.html

[56] "मंत्री जी ने कहा अमेरिका-उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन के लिए नेताओं का दृढ़ संकल्प", द योनहैप न्यूज़, मई 30, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/31/0401000000AEN20180531003700315.html

[57] "उत्तर कोरिया, अमेरिका विपरमाणुकरण पर अपने मतभेद को घटा सकते हैं: सियोल के अधिकारी", द योनहैप न्यूज़, मई 30, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/30/0401000000AEN20180530006800315.html

[58] "दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया-अमेरिका शिखर सम्मेलन को पूर्ण समर्थन जताया", द योनहैप न्यूज़, मई 29, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/29/0401000000AEN20180529006300315.html

[59] "सियोल ने उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन पर अमेरिका के साथ करीबी परामर्श किया : एनएससी के प्रमुख", द योनहैप न्यूज़, मई 29, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/29/0401000000AEN20180529003800315.html

[60] "सत्तारूढ़ दल के प्रमुख ने कोरियाई जंग समाप्त करने के संबंध में उत्तर तथा दक्षिण कोरिया की घोषणा का संकेत दिया", द योनहैप न्यूज़, मई 29, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/29/0401000000AEN20180529009800315.html

[61] "3-तरफा शिखर सम्मेलन के लिए मून सिंगापुर में अमेरिकी, उत्तर कोरिया के नेताओं के साथ शामिल हो सकते हैं: अधिकारी", द योनहैप न्यूज़, मई 28, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/28/0401000000AEN20180528003800315.html

[62] "उत्तर कोरिया के किम ने विपरमाणुकरण के प्रतिज्ञा की पुनः पुष्टि की, ट्रम्प से मिलने की इच्छा जताई", द योनहैप न्यूज़, मई 27, 2018, http://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/27/0401000000AEN20180527001453315.html

[63] "दक्षिण कोरिया ट्रम्प और किम के बीच सीधी बातचीत चाहता है", द योनहैप न्यूज़, मई 25, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/25/0401000000AEN20180525011600315.html

[64] "मून ने समस्याओं को हल करने के लिए ट्रम्प और किम के बीच सीधी बातचीत को बढ़ावा दिया", द योनहैप न्यूज़, मई 25, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/25/0401000000AEN20180525000952315.html

[65] ttp://english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/24/0401000000AEN20180524002752315.html

[66] "उत्तर तथा दक्षिण के नेताओं ने अमेरिका-उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन पर एक सरप्राइज बैठक आयोजित किया", द योनहैप न्यूज़, मई 26, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/26/0401000000AEN20180526003251315.html

[67] "दक्षिण कोरिया के संघीकरण मंत्री ने मतभेदों को हल करने के लिए संवाद करने की सलाह दी", द योनहैप न्यूज़, मई 26, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/26/0401000000AEN20180526002800315.html

[68] "दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के साथ शिखर सम्मेलन के समझौतों पर ईमानदारी से कार्यान्वयन करने का प्रण लिया", द योनहैप न्यूज़, मई 25, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/25/0401000000AEN20180525002900315.html

[69] "दोनों कोरिया के बीच आपसी विश्वास बनने में काफी समय लगेगा: संघीकरण मंत्री", द योनहैप न्यूज़, मई 23, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/23/0401000000AEN20180523008200315.html

[70] "मून ने संदेही ट्रम्प को उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन का महत्व समझाया", द योनहैप न्यूज़, मई 23, 22018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/22/0401000000AEN20180522002952315.html

[71] "द्विपक्षीय बैठक से पहले राष्ट्रपति ट्रम्प और कोरिया गणराज्य के राष्ट्रपति मून का संबोधन", वाइट हाउस, मई 22, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-president-trump-president-moon-republic-korea-bilateral-meeting-2/

[72] "मून ने अमेरिका-उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी संभव प्रयास करने की सलाह दी", द योनहैप न्यूज़, मई 23, 2018, english.yonhapnews.co.kr/2018summit/2018/05/22/7301000000AEN20180522006051315.html

[73] "मून ने संदेही ट्रम्प को उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन का महत्व समझाया", द योनहैप न्यूज़, मई 23, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/22/0401000000AEN20180522002952315.html

[74] "मून ने अमेरिका-उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी संभव प्रयास करने की सलाह दी", द योनहैप न्यूज़, मई 22, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/22/0401000000AEN20180522006051315.html

[75] "तनाव के बावजूद उत्तर कोरिया-अमेरिका शिखर सम्मेलन निर्धारित तारीख को होगी: सियोल के अधिकारी", द योनहैप न्यूज़, मई 21, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/22/0401000000AEN20180522003200315.html

[76] "विदेश मंत्रालय के वक्स्ता हुआ चुनयिंग का नियमित प्रेस कांफ्रेंस", विदेश मंत्रालय, चीनी जनवादी गणराज्य, जून 1, 2018, www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2511_665403/t1564980.shtml

[77] "चीन ने ट्रम्प-किम शिखर सम्मेलन का समर्थ किया", द योनहैप न्यूज़, मई, 27, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/05/27/0401000000AEN20180527003900315.html

[78] "विदेश मंत्रालय के वक्ता लू कांग का नियमित प्रेस कांफ्रेंस", विदेश मंत्रालय, चीनी जनवादी गणराज्य, मई 25, 2018, http://www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2511_665403/t1562652.shtml

[79] "विदेश मंत्रालय के वक्ता लू कांग का नियमित प्रेस कांफ्रेंस", विदेश मंत्रालय, चीनी जनवादी गणराज्य, मई 24, 2018, http://www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2511_665403/t1562307.shtml

[80] "विदेश मंत्रालय के वक्ता लू कांग का नियमित प्रेस कांफ्रेंस", विदेश मंत्रालय, चीनी जनवादी गणराज्य, मई 23, 2018, www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2511_665403/t1561931.shtml

[81] "प्रेस उपलब्धता पर चीनी विदेश मंत्री और राज्य पार्षद वांग यी का संबोधन", विदेश विभाग, मई 23, 2018, https://www.state.gov/secretary/remarks/2018/05/282469.htm

[82] "पुतिन ने किम जोंग उन के साथ मुलाक़ात करने के ट्रम्प के साहसी, परिपक्व निर्णय का स्वागत किया", टीएएसएस, जून 6, 2018, http://tass.com/politics/1008141

[83] "पुतिन ने कहा रूस कोरियाई प्रायद्वीप के तनाव को कम करने के लिए पूरी कोशिश करेगा", टीएएसएस, जून 4, 2018, http://tass.com/politics/1007944

[84] "सूचना एवं प्रेस विभाग के उप निर्देश आर्टियोम कोज़िन की ब्रीफिंग", विदेश मंत्रालय, रूस, जून 1, 2018, www.mid.ru/en/press_service/spokesman/briefings/-/asset_publisher/D2wHaWMCU6Od/content/id/3246900

[85] "पुतिन की उत्तर कोरियाई नेता के साथ मुलाक़ात हो सकती है: क्रेमलिन", टीएएसएस, जून 1, 2018, http://tass.com/politics/1007557

[86] "विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री री योंग हो के साथ प्योंगयांग पर बातचीत करने के बाद मीडिया के सवालों को संबोधित किया और उनका उत्तर दिया", विदेश मंत्रालय, रूस, मई 31, 2018, www.mid.ru/en/foreign_policy/news/-/asset_publisher/cKNonkJE02Bw/content/id/3240604

[87] "कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु मुद्दे का कोई समाधान नहीं, जब तक प्रतिबन्ध न हटाए जाएं — लावरोव", टीएएसएस, मई 31, 2018, http://tass.com/politics/1007356

[88] "पुतिन ने अमेरिका-उत्तर कोरिया के वार्ता को महत्व दिया", टीएएसएस, मई 25, 2018, http://tass.com/politics/1006603tass.com/politics/1006603

[89] "रूस को अफ़सोस अमेरिका-उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन रद्द हुई — पुतिन", टीएएसएस, मई 24, 2018, http://tass.com/world/1006231

90 “रूस उत्तर कोरिया के साथ राजनयिक संपर्क बनाने की योजना में, क्रेमलिन ने कहा”, टीएएसएस, मई 24, 2018, http://tass.com/politics/1005857

91 “विदेश मंत्रालय की वक्ता मारिया ज़खरोवा की ब्रीफिंग”, विदेश मंत्रालय, रूस, मई 23, 2018, www.mid.ru/en/press_service/spokesman/briefings/-/asset_publisher/D2wHaWMCU6Od/content/id/3231268##29

92 “संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में राष्ट्रपति ट्रम्प और जापान के प्रधान मंत्री अबे का संबोधन”, द वाइट हाउस, जून 7, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-president-trump-prime-minister-abe-japan-joint-press-conference-2/

93 “विदेश मंत्री टेरो कोनो का प्रेस संबोधन”, विदेश मंत्रालय, जापान, जून 5, 2018, https://www.mofa.go.jp/press/kaiken/kaiken4e_000508.html

94 “विदेश मंत्री टेरो कोनो का प्रेस संबोधन”, विदेश मंत्रालय, जापान, मई 29, 2018, https://www.mofa.go.jp/press/kaiken/kaiken4e_000505.html